रायबरेली, रविवार
12.05.2024
वर्षः 11
अंकः 239 पृष्ठः 08
मूल्यः 02 रूपया
स्थापितः वर्ष 2012
RNI-UPHIN/2012/46348

संकल्प परिवर्तन का

# नवसत्ता

16 वां वर्ष विश्वास का

www.navsatta.com लखनऊ व रायबरेली से एक साथ प्रकाशित तथा समस्त उत्तर भारत में प्रसारित हिन्दी दैनिक

# चुनाव प्रचार थमा, चौथे चरण के लिए मतदान कल

## दस राज्यों की 96 सीटों के लिए डाले जाएंगे वोट

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए सोमवार को मतदान होगा। इस दौरान 10 राज्यों की 96 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। आपको बता दें कि इन 96 सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 18 अप्रैल को शुरू होकर 25 अप्रैल तक चली थी। इस चरण की खास बात ये है कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 13 मई को एक ही चरण में मतदान होगो। आंध्र प्रदेश में, उसी दिन 175 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए विधानसभा चुनाव भी होंगे। 19 अप्रैल से शुरू होने वाले 2024 लोकसभा चुनाव के लिए देश में कुल सात चरणों में मतदान होगो। चौथे चरण के तहत जिन राज्यों में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल नाम शामिल है।




### इन सीटों पर चौथे चरण में मतदान

1. **आंध्र प्रदेश-** अराकू, श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखा पत्तनम, अनाकापल्ले, काकीनाडा, अमलापुरम, राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसारावपेट, बापटला, ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, अनंतपुर, हिंदूपुर, कडपा, नेल्लोर, तिरुपति , राजमेत, चित्तूर। 2. **बिहार-** दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगुसराय, मुंगेर 3. **जम्मू और कश्मीर-** श्रीनगर 4. **झारखंड-** सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू 5. **मध्य प्रदेश-** देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा 6.**महाराष्ट्र-** नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी, बीड 7. **ओडिशा-** नबरंगपुर, बेरहामपुर, कोरापुट, कालाहांडी 8. **तेलंगाना-** आदिलाबाद, पेद्दापल्ले, करीमनगर, निज़ामाबाद, ज़हीराबाद, मेडक, मल्काजगिरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नगरकुर्नूल, नलगोंडा, भोंगिर, वारंगल, महबुदाबाद, खम्मम 9. **उत्तर प्रदेश-** शाहजहाँपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराईच 10. **पश्चिम बंगाल-** बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्दवान-दुर्गापुर, आसनसोल, बोलपुर, बीरभूम।

## यूपी के 13 सीटों पर होगा मतदान

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में इतने ही जिलों की 13 संसदीय सीटों के लिए जोरदार प्रचार अभियान आज समाप्त हो गया। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बताया कि इन 13 सीटों पर सोमवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा, जिन 13 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा उनमें शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच शामिल हैं। इसके अलावा, ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। उसी तिथि को शाहजहांपुर जिले का भी मतदान होगा। उन्होंने कहा कि चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों में से 8 सीटें सामान्य वर्ग की और 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा, ये 13 सीटें राज्य के 13 जिलों में फैली हुई हैं, जिनमें शाहजानापुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रुखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराईच शामिल हैं। सीईओ ने कहा कि इस चरण में कुल 16,334 मतदान केंद्र और 26,588 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां मतदान होगा। इस चरण में 1.31 करोड़ पुरुष और 1.15 करोड़ महिलाओं सहित 2.46 करोड़ मतदाता 130 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने के लिए पात्र हैं। प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव समेत विभिन्न दलों के प्रमुख नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों के उम्मीदवारों के समर्थन में जमकर प्रचार किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। कन्नौज सीट पर हाई प्रोफाइल मुकाबला देखने को मिल रहा है, जहां सपा प्रमुख अखिलेश यादव मौजूदा सांसद और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) उम्मीदवार सुब्रत पाठक को चुनौती दे रहे हैं।

# बिना कागज की मदद के ओडिशा के जिलों के नाम बताएं पटनायक, मोदी ने दी चुनौती

एजेंसी

**फुलबनी , 11 मई (नवसत्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर जमकर हमला बोला और उन्हें कागज की मदद के बिना राज्य में जिलों और उसके मुख्यालयों के नाम बताने की चुनौती दी। श्री मोदी ने फुलबनी के स्टेडियम में चुनावी रैली



को संबोधित करते हुए उन्हें जिम्मेदारी संभालने वाले किसी भी व्यक्ति की आलोचना या बदनाम करने की आदत नहीं है, लेकिन ओडिशा की मौजूदा स्थिति को देखकर उन्हें बहुत दुख हो रहा है। उन्होंने कहा नवीन पटनायक कई वर्षों से राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। मैंने उन्हें कागज के टुकड़े के बिना जिलों और उसके मुख्यालयों का नाम बताने की चुनौती दी है। उन्होंने श्री पटनायक पर तंज कसते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री अपने राज्य के जिलों और उसके मुख्यालयों का नाम तक नहीं बता सकते, वे यहां लोगों की दुर्दशा और पीड़ा को कैसे समझ सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात के पास नमक के अलावा कुछ भी नहीं है, फिर भी यह ओडिशा की तुलना में विकास में बहुत आगे है, जो वन और खनिज संसाधनों में समृद्ध होने के बावजूद अभी भी पिछड़ा हुआ है तथा जहां लोग अभी भी गरीबी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, हम एक ऐसा मुख्यमंत्री चाहते हैं जो राज्य के लोगों से जुड़ा हो। ओडिया के गौरव , संस्कृति और परंपरा को समझता हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को पांच साल तक ओडिशा की सेवा करने का मौका दें, ताकि राज्य को देश में नंबर एक राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने श्रीजगन्नाथ मंदिर के खजाने के रिकॉर्ड को बनाये रखने में विफलता के लिए राज्य सरकार की भी आलोचना की।

# अमित शाह को पीएम बनाना चाहते हैं पीएम मोदी : केजरीवाल

संवाददाता

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)** सीएम केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद बीजेपी और मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और देशवासियों पर बजरंगबली की कृपा है। चमत्कार हुआ और मैं आप लोगों के बीच में हूं। सीधे जेल से जनता के बीच आया हूं। हमारी आम आदमी पार्टी एक छोटी पार्टी है जो केवल 2 राज्यों में है। हमारी पार्टी को कुचलने में पीएम मोदी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। हमारी पार्टी के चार टॉप के नेता जेल भेज दिए। अगर बड़ी बड़ी पार्टियों के 4 बड़े नेता जेल भेज दिए जाएं तो पार्टी खत्म हो जाती हैं लेकिन आप के साथ ऐसा नहीं हुआ। ये सोच है जो हमेशा बढ़ती जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि जो लोग पीएम मोदी से मिलने जाते हैं, वो हमें भी जानते हैं।

वो हमें बताते हैं कि पीएम मोदी जब भी उनसे मिलते हैं तो केजरीवाल और आप के बारे में ही पूछते हैं। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि वो भ्रष्टाचार से लड़ रहे हैं लेकिन देश के सबसे बड़े चोर उचक्कों को उन्होंने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। उन्होंने ऐसे लोगों के सारे ईडी-सीबीआई के मामले खत्म कर दिए।

मैं पीएम मोदी से कहना चाहता हूं कि अगर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते हैं तो केजरीवाल से सीखिए। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी देश को वेबकूफ ना समझें। केजरीवाल को गिरफ्तार करके पीएम ने मैसेज दिया कि अगर मैं केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकता हूं तो किसी को भी कर सकता हूं। पीएम मोदी द्वारा एक बेहद खतरनाक मिशन चालू किया गया है। देश को ये समझने की जरूरत है। पीएम मोदी देश के सारे नेताओं को खत्म करना चाहते हैं। वो वन नेशन, वन लीडर चाहते हैं।



## आगे भी मोदी ही संभालेंगे कमान

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सनसनीखेज दावे का जवाब खुद गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए दिया कि भाजपा का संविधान यह नहीं कहता कि 75 की उम्र के बाद पार्टी का कोई नेता प्रधानमंत्री नहीं बन सकता। नरेंद्र मोदी ही चुनाव जीत कर तीसरी बार भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री बनेंगे। अरविंद केजरीवाल ने आज दावा किया था कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जीत भी गई तो पीएम मोदी अगले साल तक ही प्रधानमंत्री रहेंगे। केजरीवाल ने कहा था कि पीएम मोदी ने खुद यह नियम बनाया है कि उनकी पार्टी में कोई भी 75 साल के बाद सक्रिय राजनीति में नहीं रहेगा। इस बार अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो पीएम मोदी अगले साल 75 साल के हो जाएंगे और फिर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। केजरीवाल ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ये लोग इंडिया ब्लॉक से प्रधानमंत्री पद के चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं बीजेपी से पूछता हूं कि उनका पीएम कौन होगा? नरेंद्र मोदी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने खुद 2014 में नियम बनाया था कि 75 साल के लोगों को रिटायर कर दिया जाएगा। मुरली मनोहर जोशी और सुमित्रा महाजन को भी रिटायर कर दिया। जाहिर है वह भी अगले साल रिटायर हो जाएंगे। वह अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। क्या अमित शाह मोदी जी की गारंटी पूरी करेंगे?केजरीवाल को जवाब देते हुए, अमित शाह ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री बहुत बड़ी गलती पर हैं कि पीएम मोदी जब 75 वर्ष के हो जाएंगे तो पद छोड़ देंगे। गृहमंत्री ने कहा, मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और इंडिया ब्लॉक से यह कहना चाहता हूं कि बीजेपी के संविधान में ऐसा कुछ भी (75 साल पुरानी सीमा नियम का) उल्लेख नहीं है। पीएम मोदी न केवल यह कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं बल्कि पीएम मोदी भविष्य में भी नेतृत्व करना जारी रखेंगे। देश में इसे लेकर कोई भ्रम नहीं है।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में भाजपा नेता देवराजे गौड़ा गिरफ्तार

एजेंसी

**बेंगलुरु, 11 मई (नवसत्ता)** लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा के सामने कर्नाटक में मुश्किलें खड़ी होती जा रही हैं। भाजपा नेता और अधिवक्ता देवराजे गौड़ा को कथित तौर पर हसन जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना से संबंधित अश्लील वीडियो मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। गौड़ा को पुलिस ने पेन ड्राइव में वीडियो लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

चुनाव के बीच भाजपा नेता देवराजे गौड़ा के मामले नया खुलासा होने पर प्रज्जवल रेवन्ना मामले में और कई खुलासे होने की उम्मीद है। गौड़ा को हसन पुलिस को मिली कुछ खुफिया जानकारी पर गिरफ्तार किया गया। प्रज्वल रेवन्ना मामले में गौड़ा के पेश होने की जरूरत के चलते उनको चित्रदुर्ग जिले के हिरियुर पुलिस ने गुलिहाल टोल गेट पर गिरफ्तार किया



है। कर्नाटक में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले प्रज्वल से जुड़े कई ऑब्सीन वीडियो सामने आने लगे थे। अश्लील वीडियो सामने आने के बाद से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और सांसद प्रज्वल रेवन्ना फरार है। वह विदेश भाग गए हैं। इंटरपोल की ओर से रेवन्ना के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रज्वल रेवन्ना को पकड़ने के लिए पुलिस के आला अधिकारी प्रयास कर रहे हैं। सेक्स स्कैंडल मामले में कर्नाटक सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रेप, छेड़छाड़, धमकी, ब्लैकमेलिंग समेत धमकी देने के आरोपों में तीन एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। वहीं अब देवराजे गौड़ा पर इन वीडियो को लीक करने का आरोप है, हालांकि वह इन आरोपों को खारिज कर दिया है। देवराजे ने 2023 का विधानसभा चुनाव होलेनरासिपुरा से जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ लड़ा था।

## आंधी-तूफान में पेड़ गिरने से दो शख्स की गई जान

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)** दिल्ली एनसीआर में शुक्रवार रात अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने काफी तबाही मचाई। इस दौरान 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। दिल्ली पुलिस को 150 से ज्यादा जगहों पर पेड़ टूट कर गिरने की सूचना मिली। इन घटनाओं में अब तक दो लोगों की मौत की सूचना मिली है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में मृतक की पहचान हरिओम के रूप में हुई है। उनकी आयु लगभग 30 साल बताई जा रही है। वह मजदूरी करता था। दूसरी घटना की जानकारी दिल्ली पुलिस को लगभग रात 11.20 पर एक पीसीआर कॉल से मिली। कॉल करने वाले ने बताया की डिस्ट्रिक्ट सेंटर जनकपुरी फ्लाईओवर के पास एक पेड़ गिर गया है। जिसमें उसके अंकल अपनी मोपेड समेत फंस गए हैं। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने पाया कि एक कार और मोपेड के ऊपर पेड़ गिर गया था। कार क्षतिग्रस्त हो गई और मोपेड सवार जयप्रकाश निवासी सीतापुरी घायल हो गए थे। उन्हें डीडीयू अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# इंडिया गठबंधन के हर प्रत्याशी को अपना भरपूर समर्थन दें

संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)** लोकसभा के आम चुनाव पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई है । इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि पिछले दस सालों में भारत के लोकतंत्र की लगातार हत्या हो रही है । यहॉ का सामाजिक सद्भाव सरकार द्वारा ख़त्म किया जा रहा है । इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस अमेरिका के प्रेसिडेंट मोहिंदर सिंह ने कहा कि सरकार संविधान बदल कर दलितों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करना चाह रही है । इस दौर में सिर्फ और सिर्फ एक ही उम्मीद है और वो है राहुल गांधी। इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के दुनिया भर के लोग इसी लिये भारत में आये है और आज लखनऊ में आपके माध्यम से देश की जनता से अनुरोध करना चाह रहे है कि देश को मज़बूत बनाने और संविधान की रक्षा करने के लिये इंडिया गठबंधन के हर प्रत्याशी को अपना भरपूर समर्थन दे । यहॉ के लोगों का सौभाग्य है कि राहुल गांधी जी यहाँ से चुनाव लड़ रहे हैं और सही मायनों में वे आज की राजनीति के संत है। एआईसीसी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी एन आर आई अफेयर्स कर्णाटक सरकार की सचिव आरती कृष्णन ने बताया कि पूरी दुनिया ने देखा है कि मौजूदा सरकार किस तरह समाज में वैमनस्यता बढ़ा रही है । दलितों, पिछड़ो और अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार किये जा रहे है । देश की संवैधानिक संस्थाओं को गुलाम बना दिया गया है। यह सही मायनों में आपातकाल ही है। यह सरकार महिला विरोधी है। एक और प्रधानमंत्री उस सांसद का प्रचार कर रहे है जिसने सैंकड़ों महिलाओं के साथ बलात्कार किया और फिर सरकार ने उसे बचाते हुए विदेश भेज दिया. यह कोई पहला मामला नहीं था । इससे पहले भी खिलाड़ियों के यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को सरकार ने पूरा संरक्षण दिया और अब तो उनके बेटे को टिकट देकर साफ़ कर दिया कि महिलाओं के प्रति उनकी सोच क्या है । यह सरकार किसान विरोधी और युवा विरोधी भी है। एक और युवाओ के सपनों को ख़त्म करते हुए अग्निवीर जैसी योजना लायी गयी तो दूसरी तरफ़ किसानों की ज़मीन को उद्योगपतियों को देने की तैयारी की जा रही है। किसानों के हितों को ख़त्म करने और उनकी ज़मीन हड़पने के लिये यह सरकार किसानों के लिये यह तीन काले बिल लायी। हमारे देश के एक हजार किसानों ने अपनी जान दे दी।




## भाजपा ने रुकवाई महिलाओं की 1500 की पेंशन: कांग्रेस

एजेंसी

**शिमला, 11 मई (नवसत्ता)** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि 1500 रुपए प्रति माह पेंशन के अड़ंगे लगाने पर भारतीय जनता पार्टी नेताओं को प्रदेश की मातृशक्ति से माफ़ी माँगनी चाहिए। श्री पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तीन मार्च 2024 को प्रदेश मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद 13 मार्च 2024 को चुनाव आचार संहिता लगने के पहले इस योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई थी। लेकिन भाजपा नेता इस योजना के लाभ से महिलाओं को वंचित करने के लिए दो-दो बार चुनाव आयोग के पास गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के विरोध के बाद चुनाव आयोग ने इस योजन के फ़ॉर्म भरने को अनुमति प्रदान कर दी है। लेकिन अब भाजपा नेताओं का महिला विरोधी चेहरा सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जितना मर्ज़ी ज़ोर लगा लें, लेकिन प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन हर हाल में दी जाएगी।

**चुनावी जनसभा** इंडिया गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा

# कानपुर को मिला है उद्यमिता और उर्वरता का आशीर्वाद

संवाददाता

**कानपुर, 11 मई (नवसत्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में एक बार फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, बल्कि अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था। सीएम योगी शनिवार को यहां छावनी विधानसभा



क्षेत्र में कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कानपुर से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर से बीजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है। ये क्रांति धरा होने के साथ ही देश के विकास की ऊर्जा की भूमि भी है। चौथे चरण में कानपुर की जनता को निर्णय लेना है। आज पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। 400 पार में कानपुर और अकबरपुर की सीटें भी शामिल होंगी। सीएम योगी ने कहा कि बीते 10 साल में मोदी जी ने बिना रुके, बिना थके और बिना डिगे देश की अहर्निश सेवा की है। हर व्यक्ति इस बात को मानता है कि मोदी जी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है, हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, विकास को गति दी है, गरीब कल्याण के साथ ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों की चिंता होती है। इनको आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या के समाधान की नहीं आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने की चिंता होती है। इनकी चिंता थी कि जैसे भी हो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकी विस्फोट में निर्दोष लोग और जवान शहीद होते थे। अब ये नहीं हो सकता, क्योंकि मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभी पर प्रहार किया है। ये नया भारत छेड़ता नहीं, मगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि आज कानपुर में हाईवे, एक्सप्रेस वे, मेट्रो के साथ ही डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। नमामी गंगे के क्षेत्र में हुए कार्य का लाभ कानपुर को सर्वाधिक प्राप्त हुआ है। कानपुर के सीसामऊ और जाजमऊ में गंगा की धारा को अविरल निर्मल करने में भाजपा सरकार को सफलता मिली है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद सत्यदेव पचौरी, अकबरपुर के सांसद और पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले, कानपुर से बीजेपी प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायकगण महेश त्रिवेदी, सुरेन्द्र मैथानी, सलिल विश्नोई और अविनाश सिंह सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

# अफगानिस्तान में भारी बारिश, बाढ़ ने मचाई तबाही, 70 लोगों की मौत

एजेंसी

**काबुल, 11 मई (नवसत्ता)** उत्तरी अफगानिस्तान के बघलान और तखर प्रांतों में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रांतीय निदेशक हेदायतुल्ला हमदर्द ने बताया कि बाघलान में, प्राकृतिक आपदा से गोजरगाह-ए-नूर, जेलगाह, नाहरीन, बघलान-ए-मरकज़ी और बरका जिलों के साथ-साथ प्रांतीय राजधानी पुल-ए-खुमरी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि अचानक आयी बाढ़ से घरों और संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ आने के बाद से अनेक लोग अभी भी लापता हैं। इसबीच विदेशी मीडिया



ने संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के हवाले से बताया कि इस आपदा से बघलान में 200 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घर क्षतिग्रस्त हुये हैं। तखर के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख अहमद सर साजिद ने शनिवार को कहा कि प्रांत के नमक अब, इश्कामिश, फर्खर और कफगान जिलों में तूफान और बाढ़ से 20 लोगों की मौत हो गयी और अन्य 14 घायल हो गये। उन्होंने कहा कि 300 घरों में बिजली और संचार सुविधाएं गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गयीं। उल्लेखनीय है कि पिछले माह भी देश में भारी बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में करीब 70 लोगों की जान चली गयी थी और लगभग 2000 घरों, तीन मस्जिदें और चार स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए थे। तूफान और बाढ़ से बदख्शां और समांगन सहित अन्य उत्तरी प्रांतों के अधिकांश हिस्सों प्रभावित हुए हैं।

# 17 को संयुक्त जनसभा करेंगे राहुल गांधी व अखिलेश यादव



संवाददाता

**रायबरेली, 11 मई (नवसत्ता)।** रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों पर जीत के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी लगातार नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही हैं। इन सीटों पर अब राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी संयुक्त जनसभा कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

राहुल-अखिलेश 17 मई को रायबरेली और अमेठी में संयुक्त जनसभा करेंगे। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी रहे किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है और रायबरेली में राहुल गांधी खुद प्रत्याशी हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को करीब 55000 वोटों से पराजित कर दिया था। एक बार फिर से कयास लगाए जा रहे थे कि इस सीट पर राहुल गांधी प्रत्याशी होंगे लेकिन राहुल ने रायबरेली से नामांकन दाखिल किया।

बीते चुनाव में रायबरेली में सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी। भाजपा ने रायबरेली सीट पर दिनेश प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही सीटों पर पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा।

# सुरसा की तरह मुंह फाड़ रही महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम कांग्रेस ही लगाएगी : भूपेश बघेल

संवाददाता

**रायबरेली, 11 मई (नवसत्ता)।** कांग्रेस पार्टी के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज डलमऊ क्षेत्र के बसंतपुर कटोरिया, लोदीपुर उत्रौवा, नारासवान, मालियापुर, पूरेगुरबक्स माजरे खललीपुर, तेलियानी,बदरवा एवं कठगर में नुक्कड़ सभाएं कर चुनाव अभियान को गति दी। श्री बघेल ने कहा की जनता ये बात समझ चुकी है कि मोदी सरकार के 10 सालों के जख्मों पर कांग्रेस का न्याय पत्र मरहम के रूप में काम करेगा। सुरसा की तरह मुंह फाड़ रही महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम कांग्रेस ही लगाएगी। कांग्रेस की सरकार बनने पर हम किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों सहित सभी के लिए न्याय योजनाएं लाएंगे। जनता के मुद्दों को समझ कर उनका समाधान करेंगे। भूपेश बघेल जी ने



कहा की संविधान हमें अधिकार देता है, शक्ति संपन्न बनाता है, लेकिन भाजपा के लोग इस संविधान को बदलना चाहते हैं। आज लड़ाई संविधान बचाने की है, देश को बचाने की है। इस पर प्रहार हम सबके अधिकारों को खत्म करने के लिए हो रहा है, लेकिन जब तक राहुल गांधी जी हमारी ढाल बनकर खड़े हैं, तब तक संविधान पर कोई आँख भी नहीं उठा पायेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा की जनता को मालूम है कि उनके मुद्दों को सड़क से लेकर संसद तक कोई पहुंचा रहा है तो वो राहुल गांधी जी हैं। इस वजह से राहुल गांधी पर आम जन का विश्वास अडिग है।आम जनता को भी इस बात का आभास हो चला है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और तानाशाह को नेस्तनाबूद करेगी।

## इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर रिक्त पड़े सभी 30 लाख सरकारी पद भरे जाएंगे : श्रीनिवास

**रायबरेली,11 मई (नवसत्ता)।** मोदी सरकार के 10 साल के अन्याय काल में कमर तोड़ महंगाई के खिलाफ़ आज रायबरेली में युवा कांग्रेस के सदस्यों ने बाइक रैली निकालकर अपना विरोध जताया। असंवेदनशील भाजपा सरकार के राज में आम आदमी के सामने से खाने की थाली छीनती महंगाई के विरुद्ध यह प्रदर्शन जनपद के सभी ब्लॉक में किया गया।

हरचंदपुर ब्लॉक में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने विरोध प्रदर्शन के साथ एक जनसभा को भी संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश की जनता महंगाई की मार सह रही है, मोदी सरकार में आम जनता का दो वक्त का खाना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस सरकार में 400 रुपए में मिलने वाला सिलेंडर मोदी सरकार ने 1100 रुपए तक बेचा। कई सालों से चल रही इस महालूट को सिर्फ चुनाव के समय 200 रुपए सिलेंडर का दाम कम कर के जनता को भ्रमित करने की कोशिश की। बढ़ती बेरोजगारी से पीड़ित युवाओं के लिए अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है।

कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र की बात करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर रिक्त पड़े सभी 30 लाख सरकारी पद भरे जाएंगे और साथ ही सभी ग्रैजुएट युवाओं की पहली नौकरी एक लाख की वार्षिकी के साथ पक्की होगी। इस देश में न्याय की लड़ाई लड़ रहे जननायक राहुल गांधी को रायबरेली से रिकॉर्ड मतों से जिताने का आग्रह श्री बीवी श्रीनिवास ने किया।

## एसटीएफ ने लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कौशांबी,11 मई (नवसत्ता)।** एसटीएफ ने कोखराज के सकाड़ा मोड़ से आलू कारोबारी से लूट के आरोपी विधायक उर्फ बिरजू को गिरफ्तार किया है। गुजरात के पीड़ित कारोबारी ने कोखराज पुलिस को तहरीर देकर कार को रोककर रुपए लूटने का आरोप लगाया था। लूट के मुकदमे में पुलिस ने जौनपुर के जफराबाद के विधायक उर्फ बिरजू उर्फ ब्रजेश का नाम सामने लाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना पर सकाड़ा मोड़ से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने आरोपी को कोखराज पुलिस के हवाले कर दिया।

## अमेरिका से अमेठी पहुंचा भाजपा समर्थक

**अमेठी, 11 मई (नवसत्ता)।** लोकसभा में 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होना है, इसको लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं। ऐसे में भाजपा का एक कट्टर समर्थक अमेरिका से अमेठी पहुंचा है, जहां वह पूरे अमेठी लोकसभा में गांव-गांव जाकर भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के लिए वोट की अपील कर रहा है।

# शिक्षा व संस्कार ही उन्नति का मूल है : सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स

संवाददाता

**करौंदीकला-सुलतानपुर, 11 मई (नवसत्ता)।** क्षेत्र के हरीपुर स्थित पं. लालता प्रसाद पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष से ही सफलता मिलती है। श्री सिंह ने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार पर विशेष ध्यान देने की बात कही इस अवसर पर सूचना आयुक्त श्री सिंह ने उपस्थित अभिभावकों व क्षेत्र वासियों से मतदान में शत प्रतिशत भाग लेने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण व



संवर्धन पर भी जोर दिया व कहा कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा ही पहला कदम है और आज तक सभी अपने परिजन व अभिभावक की देख रेख में शिक्षा ग्रहण किए, आगे की शिक्षा के लिए लगन और मेहनत की जरूरत है। उक्त अवसर पर श्री सिंह ने बच्चों को शिक्षा तथा लक्ष्य के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राम कथा वाचक डॉ मदन मोहन मिश्र ने कहा कि बल और बुद्धि दोनों के समन्वय से ही सफलता अर्जित की जाती है। उन्होंने कहा कि आज देश का भविष्य नवयुवकों के हाथ में है उन्होंने लोकसभा चुनाव में सभी युवाओं को बढ़ चढ़ हिस्सा लेने का आग्रह भी किया।

# युवाओं के सपने जनपद में ही होंगे पूरः अनुप्रिया पटेल

संवाददाता

**मिर्जापुर, 11 मई (नवसत्ता)।** वर्ष 2014 से पहले मिर्जापुर में न तो मेडिकल कॉलेज था और न ही केंद्रीय विद्यालय। न तो इंजीनियरिंग कॉलेज था और न ही नर्सिंग कॉलेज। पिछले 10 सालों के दौरान मीरजापुर की तस्वीर बदल गई है। आज यहां के युवाओं को अपने सपने को पूरा करने के लिए किसी अन्य जनपद अथवा शहर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अपना दल एस की अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने विधानसभा नगर के बाजीराव कटरा में स्थित एक होटल में नगर पश्चिमी व मंडल, जोन के समन्वय बैठक के दौरान यह विचार व्यक्त किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वोट देने जाने से पहले एक बार 2014 से



पहले और आज के मीरजापुर की तुलना अवश्य कीजिए। कहा कि उन्होंने सिर्फ और सिर्फ विकास को महत्व दिया है। आज जनपद में मेडिकल कॉलेज खुल चुका है। केंद्रीय विद्यालय शुरू हो चुका है। विंध्य विश्वविद्यालय को स्वीकृति मिल चुकी है। इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज का निर्माण हो रहा है। 50 बेड का आयुष अस्पताल बन रहा है। डायलिसिस सेंटर खुल चुका है। चुनार, भटौली, बेलवन, भटौली में पुल बन चुके हैं। पासपोर्ट कार्यालय खुल चुका है।

# कांग्रेस ने रायबरेली को पर्यटन स्थल बना रखा हैः ब्रजेश पाठक

## प्रबुद्ध सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना साधा

संवाददाता

**रायबरेली, 11 मई (नवसत्ता)।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में रिफॉर्म क्लब में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रायबरेली में इस बार कांग्रेस को सबक सिखाया जाएगा।

कांग्रेस ने रायबरेली को पर्यटन स्थल बना रखा है। उसे देश की संस्कृति और विरासत से कोई मतलब नहीं है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी भी इस बार जीरो हो जाएगी।

एक दिवसीय दौरे पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में



शिरकत करने रायबरेली पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जनपद के सिंह द्वार पर स्थित पीपलेश्वर चुरूवा हनुमान मंदिर में पवन पुत्र महाबली हनुमान की चौखट पर माथा टेका।

इस दौरान बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जब मैं रायबरेली से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के नामांकन में आया था और मैंने रायबरेली में जो अपार जन समूह उस समय देखा, तभी मुझे यह विश्वास हो गया कि इस बार रायबरेली की जनता रायबरेली को अपनी जागीर समझने वाली कांग्रेस पार्टी को नकार देगी और अमेठी की तरह ही राहुल गांधी को यहां से भी हाराकर भेजेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता,/ पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं० (1),** कार्य का नाम : 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए एनईआर के एलजेएन डिवीजन में एचडीएन मार्ग पर बीबीके–जीकेसी–अनुभाग (235 आरकेएम / 620 टीकेएम) की क्षमता उन्नयन के लिए 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के फीडर तार का डिजाइन आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। ई–निविदा सूचना सं०: ईएल/ सीईई/ प्रोजेक्टएलजेएन/ बीबीके– जीकेसी, अनुमानित लागत (रू.) : 1588885083.69, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रू.) : 8094400.00, निविदा बन्द होने की तिथि –14.06.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि – 24 माह। **क्रम सं० (2),** कार्य का नाम : 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए एनईआर के बीएसबी डिवीजन में एचडीएन मार्ग पर जीकेसी–सीएचपिजी–अनुभाग (179 आरकेएम /443.31 टीकेएम) की क्षमता उन्नयन के लिए 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के फीडर तार का डिजाइन आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। ई–निविदा सूचना सं० : ईएल/ सीईई/ प्रोजेक्टजीकेसी/ सीएचपिजी–जीकेसी, अनुमानित लागत (रू.): 1262931783.24, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रू.) : 6464700.00, निविदा बन्द होने की तिथि – 18.06.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि – 24 माह। **क्रम सं० (3),** कार्य का नाम : 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए एनईआर के बीएसबी डिवीजन में एचपूयूएन मार्ग पर जीकेसी– बीएसबी– पिआरवाइजे –अनुभाग (123.76 आरकेएम / 295.76 टीकेएम) की क्षमता उन्नयन के लिए 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के फीडर तार का डिजाइन आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। ई–निविदा सूचना सं० : ईएल/ सीईई/ प्रोजेक्ट/बीएसबी–पिआरवाईजे, अनुमानित लागत (रू.) : 910174246.57, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रू.) : 4700900.00, निविदा बन्द होने की तिथि – 18.06.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि – 24 माह। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्या होगा।

मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट

मुजाधि/विद्युत- 33 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी

संवाददाता

**उन्नाव, 11 मई (नवसत्ता)।** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। सोमवार को चौथे चरण में मतदान होगा। इसको लेकर सुरक्षा में लगाए गए फोर्स को पुलिस लाइन परिसर में ब्रीफ किया जाएगा। इसके बाद कल दोस्ती नगर से पोलिंग पार्टियों के साथ कर्मियों को रवाना कर दिया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही संवेदनशील इलाकों के सीआरपीएफ की फोर्स ने शक्र वार को कई जगहों पर फ्लैग मार्च किया। उन्नाव में चौथे चरण में 13 मई को लोकसभा चुनाव होना है।

# नहाते समय चौकी इंचार्ज की मौत

**उन्नाव, 11 मई (नवसत्ता)।** जिले के गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर चौकी इंचार्ज के पद पर तैनात दरोगा की बाथरूम में नहाते समय हालत बिगड़ गई। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पहुंचे आसपास की बैरक में तैनात आरपीएफ कर्मचारियों ने उन्हें बाथरूम से निकाला और जिला अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी गई है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीसीएम और कार की भीषण टक्कर हादसे में दूल्हे समेत चार जिंदा जले

संवाददाता

**झांसी, 11 मई (नवसत्ता)।** जिले शुक्रवार देर रात झांसी कानपुर हाइवे पर थाना बड़ागांव के पारीछा ओवर ब्रिज पर हुए भीषण सड़क में बारात लेकर जा रही दूल्हे की कार को तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार में आग लग गई। कार सवार दूल्हा, उसका सात साल का मासूम भतीजा समेत चार बारातियों की मौके पर जलकर दर्दनाक मौत हो गई। कार में सवार दो लोगों को किसी तरह बचा लिया गया। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद परिवार में मातम मचा हुआ है।

एरच थाना के बिलाटी गांव निवासी आकाश (23) बारात लेकर बड़ा गांव थाना के छापर गांव जा रहा था। उसकी कार में आकाश समेत उसका भाई भतीजा ईशु (7) एवं आशीष (20) समेत अन्य परिजन सवार थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे उनकी कार जैसे





ही पारीछा ओवर ब्रिज के पास पहुंची पीछे से आ रहे एक डीसीएम ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई। सभी बाराती कार के अंदर फंस गए। कोई भी बाहर नहीं निकल पाया।

दूल्हे की कार से कुछ दूर पर उनके अन्य परिजन भी थे। जब तक वह पहुंचे कार आग की लपटों में घिर गई थी। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

पुलिस ने किसी तरह आग बुझा कर अंदर से लोगों को निकाला। तब तक आकाश उसके भाई ईशु, आशीष समेत कार ड्राइवर की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

## करंट की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**फतेहपुर,11 मई (नवसत्ता)।** जिले में एचटी लाइन का जर्जर तार टूटकर छत पर गिर गया। जिसकी चपेट में आई किशोरी तार से चिपककर और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला ललौली थाना क्षेत्र के देवगांव मोसेपुर का है।

## निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**फतेहपुर,11 मई (नवसत्ता)।** जिले में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए पांचवे चरण में 20 मई के दिन मतदान होना है। जिले में 85 प्रतिशत मतदान हो इसके लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत तेलियानी ब्लाक के परशुरामपुर प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

## युवती से छेड़छाड़ का केस दर्ज

**बाराबंकी,11 मई (नवसत्ता)।** उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश के बावजूद भी महिलाओं के साथ छेड़छाड़ के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी तरह का एक मामला सामने आया है, जहां पर टैक्सी का इंतजार कर रही एक युवती से एक युवक ने छेड़छाड़ किया। उसके बाद लगातार पीड़ित युवती को फोन करके युवक शादी का दबाव बना रहा है।

# मोदी सरकार ने पिछड़े वर्ग को सिर्फ ठगा हैः अजय यादव

संवाददाता

**रायबरेली, 11 मई (नवसत्ता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हरियाणा सरकार में पूर्व मंत्री रहे कैप्टन अजय सिंह यादव ने ये दावा किया की पूरे देश में भाजपा बुरी तरह से हार रही है। बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान हो चुकी है इसलिए, जनता भाजपा सरकार को हटाना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी के 400 पार के नारे को खोखला बताते हुए कैप्टन अजय यादव ने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में 150 का आंकड़ा भी पार नहीं करने वाले है। उन्होंने कहा कि वो 1999 से हर चुनाव में रायबरेली- अमेठी आते रहे है और इस क्षेत्र से भलीभांति परिचित है, उनका दावा है कि राहुल गांधी इस चुनाव में 5 लाख वोटों से रायबरेली से चुनाव जीतने वाले है। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा की भाजपा सरकार ने पिछड़े वर्ग के लोगों को ठगा है, उनके वोट लेकर उनके ही अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही है।

उन्होंने कहा की ये लड़ाई लुटेरे और कमेरो के बीच है। जातीय जनगणना की राहुल गांधी की पहल को दोहराते हुए उन्होंने जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागेदारी के नारे पर जोर दिया।

जातीय जनगणना को समाज को बांटने वाली दलील को नकारते हुए इसे देश का सिटी स्कैन बताया और कहा कि इस पहल से देश में सबको उनका सही हक मिलने की पहल हो सकेगी। कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र के 5 गारंटीयो को दोहराते हुए महिलाओ युवाओ और किसानो के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर कप्तान अजय यादव ने जोर दिया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division- Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 01-WVM-2024 |
| कार्य का विवरण | Installation and operation of Water Vending Machines at Various station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.05.2024 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.05.2024 समय 14:20 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of Water Vending Machines to be auctioned on Auction Catalogue No: - 01-WVM-2024

| Sn | Station | Lot No | No of WVW's | Close Date/ Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sultanpur | MSS-LKO-SLN-WVM-11-23-1 | 07 | 20-05-24 13:30:00 |
| 2 | Jaunpur City | MSS-LKO-JOP-WVM-14-23-1 | 02 | 20-05-24 13:40:00 |
| 3 | Amethi | MSS-LKO-AME-WVM-12-23-1 | 04 | 20-05-24 13:50:00 |
| 4 | Prayag | IMSS-LKO-PRG-WVM-16-23-1 | 06 | 20-05-24 14:00:00 |
| 5 | Jaunpur Jn. | MSS-LKO-JNU-WVM-18-23-2 | 07 | 20-05-24 14:10:00 |
| 6 | Raebareli | MSS-LKO-RBL-WVM-7-23-1 | 06 | 20-05-24 14:20:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1422/24

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सभा आयोजित

**जौनपुर,11 मई (नवसत्ता)।** जिले के जलालपुर क्षेत्र में स्थित आरडीएस कालेज कुसांव भाऊपुर में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मिथिलेश ने कहा कि राष्ट्र हित में सारा कार्य छोड़कर आगामी लोक सभा चुनाव में अवश्य मतदान करें। सभा में मौजूद छात्र-छात्राओं से भी अपील की अगर अभी तक आप वोटर नहीं है, तो गांव-गांव घर-घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के संयोजक व पूर्व जिला प्रमुख संदीप सिंह ने कहा कि आगामी 25 मई को सारा कामकाज छोड़कर मतदान केन्द्र पहुंचे और अपना वोट राष्ट्रहित में जरूर डाले। अस्वस्थ व अन्य कारणों से मतदान केंद्र पर नहीं पहुंच पाने वालों की मदद करें ताकि वह भी अपना वोट डाल सकें। सभा के समापन के पूर्व सभी को खड़े होकर वोट डालने की शपथ दिलाई गई।

# भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के लिए वोट मांग रहा सपा विधायक का परिवार

संवाददाता

**अमेठी, 11 मई (नवसत्ता)।** जिले का सियासी रण दिलचस्प होता जा रहा है। अमेठी की सपा विधायक महराजी प्रजापति का परिवार केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी स्मृति जुबिन ईरानी के लिए वोट मांग रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक गलियारे में इसके नफा नुकसान को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

अमेठी से भाजपा ने स्मृति जुबिन ईरानी को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस-सपा गठबंधन से किशोरी लाल शर्मा चुनावी समर में है। दोनों तरफ से राजनीतिक दांवपेंच चल रहे हैं। इसी बीच एक बड़े सियासी घटनाक्रम में शुक्रवार की देर शाम भादर के घोरहा में एक चुनावी



जनसभा में भाजपा के मंच पर सपा विधायक महराजी प्रजापति का पूरा परिवार स्मृति जुबिन ईरानी के साथ खड़ा दिखा।

विधायक की बेटी अंकिता प्रजापति ने मंच से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि जिस तरह से आपने हमारा साथ दिया उसी तरह का साथ स्मृति ईरानी को दीजिए। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर इसकी तस्दीक ली। जवाब में जनता ने जय श्रीराम का नारा लगाया। इस मौके पर परिवार के अन्य सदस्य भी साथ में थे। हालांकि सपा विधायक महराजी प्रजापति स्वयं चुनावी समर से दूरी बनाए हुए हैं लेकिन परिवार के भाजपा का प्रचार करने को लेकर सियासी गहमागहमी तेज हो गई है।

वर्ष 2012 के चुनाव में गायत्री प्रसाद प्रजापति पहली बार सपा से विधायक बने। इसके बाद वह सरकार में मंत्री बना दिए गए। 2017 में भी सपा ने उन्हें चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन वह भाजपा की गरिमा सिंह से पराजित हो गए थे। बाद में 2022 में उनकी पत्नी महराजी प्रजापति ने सपा के टिकट पर जीत दर्ज की। फरवरी 2024 में राज्यसभा चुनाव में सपा विधायक ने बीमारी का हवाला देकर वोट नहीं दिया था। इसके बाद से सियासी गलियारे में तरह-तरह की चर्चा चल रही थी।

चित्रकूट की एक महिला ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति के खिलाफ 2017 में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। बाद में न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुना दी। इसके बाद से वह जेल में है। साथ ही उन पर खनन सहित कई अन्य मामलों की जांच चल रही है। अभी 14 मार्च 2024 को ईडी ने पूर्व मंत्री के आवास पर छापेमारी की थी।

## नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरूकता का संदेश

संवाददाता

**उन्नाव, 11 मई (नवसत्ता)।** लोकसभा चुनाव में इस बार मतदान का ग्राफ काफी ऊपर जाने वाला है। युवा, शिक्षक, अफसर सब मतदान का ग्राफ शत प्रतिशत करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंके हुए हैं। मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जिलेभर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए गए। कहीं पर रैली तो कहीं पर नुक्कड़ नाटक व अन्य माध्यमों के जरिए लोगों को वोट की कीमत समझाई गई।

## भाजपा नेता राम निवास इंडिया गठबंधन में शामिल

**बलरामपुर,11 मई (नवसत्ता)।** जिले के भाजपा नेता राम निवास भारती भाजपा छोड़कर इंडिया गठबंधन सपा में शामिल हुए हैं। वहीं, बलरामपुर के गैसड़ी में आयोजित नुक्कड़ सभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी है।

# कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाती थी सपा : योगी



संवाददाता

**कन्नौज , 11 मई (नवसत्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कन्नौज में अखिलेश यादव को खूब खरी सुनाई। बोले कि वे कन्नौज से चुनाव इसलिए लड़ रहे हैं कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। पहला को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं।

जब मौका था, तब कन्नौज की इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। हर दूसरे दिन यूपी में दंगा कराते थे। इनके शासन में बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता था। गरीबों के हकों पर डकैती पड़ती थी। मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन करते थे, लेकिन अब नए भारत का नया उप्र दंगाइयों व कर्फ्यू लगाने वालों से कैसे निपटता है, यह आप भी देख रहे होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करिया झाला का मैदान झींझक, रसूलाबाद में आयोजित जनसभा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने कन्नौज के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की। सीएम ने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। सीएम योगी ने कहा कि नए भारत में सुरक्षा, गरीब कल्याण, विकास, विरासत और आस्था का सम्मान है। सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी, आतंकियों के मुकदमे वापस लेती थी और भाजपा राम मंदिर बनवाती है। आपने वोट देकर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली व लखनऊ सरकार को चुना है, इसलिए आपके योगदान की बदौलत अयोध्या में 500 वर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रभु ने इस अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि पर होली खेली, जन्मोत्सव मनाया और उनका सूर्य तिलक भी हुआ। नई अयोध्या के दर्शन कर यह लोक धन्य हुआ। पूर्वजों की आस और संकल्प को हमने अपनी आंखों के सामने पूरा होते भी देख लिया। सीएम ने कहा कि नया भारत केवल बोलता ही नहीं, करके दिखाता भी है। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे और बोलते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। दोनों एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं, फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं। अब मोदी जी के आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से जुड़ने का अवसर आ गया है। कांग्रेस अपने और सपा सैफई परिवार को धन-संपदा से परिपूर्ण करने के लिए मैदान में है तो भाजपा राष्ट्रहित के लिए चुनाव लड़ रही है। भाजपा का संकल्प देश के लिए है। हम लोग वर्तमान व भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहते हैं। यह केवल चुनाव नहीं, बल्कि भारत की तकदीर व तस्वीर बदलने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में हुए अहर्निश प्रयास को नई गति देकर बढ़ाने का प्रयास है। सीएम ने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश में हर तीसरे दिन दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। गुंडागर्दी का आलम यह थी कि प्रदेश की बेटियां रिश्तेदारों या छात्रावास में जाकर रहने को विवश होती थीं, लेकिन नए भारत का नया उप्र कहता है कि माफिया-अपराधी के लिए प्रदेश की धरती पर कोई जगह नहीं है। माफिया-अपराधियों को उनकी जगह बता दी गई है, फिर भी सपा की संवेदना माफिया के साथ है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिष्टाचार होता है। मुलायम सिंह यादव के निधन पर मैं व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष गए थे। प्रधानमंत्री ने संवेदना भी व्यक्त की थी। वहीं अखिलेश यादव ने रामभक्त, पूर्व मुख्यमंत्री-राज्यपाल कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना तक नहीं व्यक्त की, लेकिन माफिया की मौत पर मातम मनाने गए थे। इनकी संवेदना राम मंदिर, भारत, रामभक्तों, आमजन के प्रति नहीं, बल्कि माफिया, भारत के खिलाफ वक्तव्य देने वालों के प्रति है। सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ रामभक्त तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। रामद्रोही भारत और आमजन के खिलाफ षडयंत्र रह रहे हैं। रामभक्त मोदी जी की सरकार के साथ नया इतिहास बनाना चाहते हैं। रामभक्त भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत, विकसित, आत्मनिर्भर और खुशहाल भारत बनाना चाहते हैं। दिल्ली में मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत आत्मनिर्भर व विकसित बनेगा।

# एक नया भारत आज विश्व में अपनी पहचान बना रहा है : धामी



संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)** उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजनाथ सिंह के समर्थन में लखनऊ के टेढ़ी पुलिया कल्याणपुर में प्रधान लान में और पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित सभाओं को संबोधित किया। पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू हो गई है मैं पूरा राजनाथ सिंह जी के समर्थन में आज आपके बीच में हूं मैं पिछले 2014 और 19 के चुनाव में भी आपके बीच में आया था समय भी आपने अपना पूरा समर्थन राजनाथ सिंह को दिया था उत्तराखंड से भी राजनाथ सिंह जी का गहरा संबंध है उनके घर की एक बहू हमारी उत्तराखंड की बेटी है इसलिए उत्तराखंड से उनका विशेष लगाव भी है । उत्तराखंड में सबसे पहले चुनाव अभियान को गति देने का कार्य किया था। मैं जब भी लखनऊ आता हूं मुझे अपना छात्र जीवन याद आता है मैं जब भी लखनऊ आता हूं तो एक-दो दिन का कार्यक्रम होता है लेकिन मेरा यहां से जाने का मन नहीं करता क्योंकि मेरा बाल्य काल यहां गुजारा है। आते समय रास्ते में पडने वाले पप्पू के ढाबे को स्मरण किया। हजरतगंज रॉबर्स ट्रेलर एक्लिप्स भसीन, शर्मा जी की चाय, वाजपेई की पूड़ी और अनेक अन्य प्रतिष्ठानों को भाषण के दौरान याद किया। राजनाथ सिंह जी ने अपने प्रयासों से लखनऊ की तस्वीर बदलने का कार्य किया है। विकास के पर पर अग्रसर होते हुए देख रहे हैं एक्सप्रेसवे, रिंग रोड, नया टर्मिनल, फ्लाइओवर जैसे अनेक योजनाएं आदरणीय राजनाथ सिंह जी के प्रयास से लखनऊ में हुए हैं। डिफेंस डिफेंस के क्षेत्र में पहले रक्षा मंत्रालय का रक्षा उपकरणों पर बड़ी धनराशि खर्च करता था। जो धनराशि हम इंपोर्ट में खर्च करते थे उतनी से अधिक आज एक्सपोर्ट करने में प्राप्त हो रही है । हमारी सेना और सीमाएं मजबूत हुई है। आज 85 से अधिक देशों को निर्यात के माध्यम से बड़ी धनराशि भारत को प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। 2014 से पहले सिर्फ घपले और घोटाले होते थे। हमारी विश्व में घपलो और घोटाले के देश की पहचान बन गई थी । दब्बू और पिछलग्गू भारत की पहचान बन गई थी। जो विश्व के मंचों पर अपनी बात कहने में सक्षम नहीं था लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में ऐसे अभूतपूर्व कार्य हुए ऐसे निर्णय हुए है की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह पहचान बदलने का कार्य नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हुआ है।

# उत्तर प्रदेश में नमो ड्रोन दीदी को लेकर बनी कार्ययोजना

संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)** पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना नमो ड्रोन दीदी को उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार हो गई है। इसके तहत संबंधित विभागों को उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं, जबकि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर योजना के क्रियान्वयन के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है तो वहीं राज्य स्तर पर समिति का गठन भी प्रस्तावित है। इसके साथ ही ग्राम्य विकास विभाग को राज्य स्तर पर नोडल नामित किए जाने का भी प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि नमो ड्रोन दीदी योजना मोदी सरकार का एक इनोवेटिव प्रयास है। इसे योगी सरकार ने भी पूरी तत्परता के साथ प्रदेश में क्रियान्वित किया है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत महिलाओं को सरकार की ओर से ड्रोन उड़ाने, डेटा विश्लेषण और ड्रोन के रखरखाव से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग से उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन एवं पानी की मात्रा में बचत तथा छिड़काव व्यय में भी कमी आएगी। कार्ययोजना के तहत ग्राम्य विकास विभाग को चयनित क्लस्टरों में एनआरएलएम महिला समूहों का चयन करने का दायित्व दिया गया है। इसके अतिरिक्त चयनित महिला समूह की एक सदस्य का ड्रोन पायलेट हेतु भी चयन किया जाएगा। साथ ही, ड्रोन पायलेट के मानदेय का निर्धारण, ड्रोन से छिड़काव हेतु किराए का निर्धारण, चयनित समूह के ड्रोन से संबंधित वित्तीय लेखा-जोखा का पर्यवेक्षण और अनुदान एवं ऋण से संबंधित कार्यवाही में सहायता की जिम्मेदारी भी होगी। वहीं, कृषि विभाग को जनपद स्तर पर फसलवार क्लस्टरों का चयन करने, उर्वरकों एवं कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता कराने, कृषि निवेश आपूर्तिकर्ता कंपनियों से समूहों का समन्वय और केवीके के वैज्ञानिकों द्वारा ड्रोन के उपयोग की तकनीकी गाइडेंस एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। ड्रोन महिला पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इफको को ड्रोन आपूर्तिकर्ता कंपनी से समूहों का समन्वय कराना, चयनित ड्रोन दीदी पायलेटों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण कराना, ड्रोन की मरम्मत एवं सर्विसिंग के लिए मैकेनिक की ट्रेनिंग कराने के साथ ही ड्रोन उपलब्ध कराने वाली समस्त कंपनियों से समन्वय स्थापित करना होगा। 2023-24 में इफको फूलपुर केंद्र पर वितरित 114 ड्रोन की महिला पायलटों का प्रशिक्षण संपन्न कराया जा चुका है। इसी तरह, आरसीएफ को कंपनी के द्वारा ड्रोन क्रय के लिए समय से फंड की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# नगर निगम ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)** लोक सभा निर्वाचन के अंतर्गत जनपद लखनऊ में 20 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है।

इसी के क्रम में आज नगर निगम लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्ले में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों /कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा




अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में हर प्रसाद गुरू प्रसाद कान्वेन्ट स्कूल, भारतीय बालिका विद्यालय, लालबाग गर्ल्स इण्टर कालेज, कस्तुीबा गांधी बालिका विद्यालय, जोन-2 में प्राईमरी विद्यालय ऐशबाग शिक्षा परिषद, सोहन लाल इण्टर कालेज, सरसस्वती शिक्षा निकेतन कुण्डरी रकाबगंज, लक्ष्मी नरायन भगवती विद्या मन्दिर, प्राथमिक विद्यालय कुण्डरी रकाबगंज, सरस्वती शिशु मन्दिर राजीजीपुरम, यू0पी0 ऐग्रो इडिस्ट्रियल कृर्षि वर्कशाप, महाराजा अग्रसेन, सेन्ट्रल एकेडमी गढी कनौरा, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, आर0पी0एस0 इण्टर कालेज जोन-3 में शिया पी0जी0 कालेज, प्राथमिक विद्यालय सामुदायिक केन्द्र, आई.आई.एम. रोड महार्षि विद्या मंदिर, जोन-5 में हीरालाल लॉ कालेज सरोजनी नगर, प्राथमिक विद्यालय अनौरा, अवध स्टडी सर्क हाई स्कूल गंगा खेड़ा, कनौसी, स्वतंत्र बाल निकेतन इण्टर कालेज, मधुबन नगर आलमबाग, गांधी विद्यालय इण्टर कालेज कानपुर रोड, रोजरी पब्लिक इण्टर कालेज अर्जुन नगर, ए के डी पब्लिक स्कूल, सुजानपुरा, आदर्श किन्डर गार्डन स्कूल सिन्धु नगर, इण्डियन पब्लिक इण्टर कालेज, प्रेम नगर, जोन-6 में गिरधारी सिंह इंडर कालेज, ए0एल.वाई मैनपुरिया इण्टर कालेज, बराइट कैरियर स्कूल, इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

## अन्नू टंडन ने उन्नाव से भरा जीत का दम

संवाददाता

**उन्नाव, 11 मई (नवसत्ता)** उत्तर प्रदेश की उन्नाव लोकसभा सीट पर इस बार कांग्रेस के समर्थन के साथ चुनावी मैदान में उतरी समाजवादी पार्टी उम्मीदवार अन्नू टंडन के तेवर बदले हुए है। उनका मुकाबला इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार साक्षी महाराज से हो रहा है।

हालांकि, धर्म और राजनीति के बीच मेल और अंतरों को लेकर वे अलग रुख रख रही हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अखिलेश यादव, राहुल गांधी या विपक्षी नेताओं के न शामिल होने के मसले पर उनका बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने दावा किया है कि विपक्षी दल बीजेपी से ज्यादा धार्मिक हैं,लेकिन वे धर्म को राजनीति से नहीं जोड़ते। अन्नू टंडन कहती हैं कि एसपी-कांग्रेस गठबंधन एक मजबूत गठबंधन है, जिसे इस बार भाजपा को स्वीकार करना होगा।

# जीशान व बब्बू ने थामा भाजपा का दामन





संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू ने आज अपने सैकड़ो साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता जीशान हैदर लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका देते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की उपस्थिति में इन सभी नेताओं ने अपने कार्यकर्ता साथियों के साथ भाजपा का पट्टा पहन लिया। प्रदीप सिंह बब्बू एवं जीशान हैदर के भाजपाई बन जाने के बाद लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के साथ ही लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव पर इसका असर जरूर दिखाई पड़ेगा।

# किसान ने पत्नी की हत्या करने के बाद कर ली आत्महत्या

संवाददाता

**इटावा, 11 मई (नवसत्ता)** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बसेरहर इलाके के लोकनाथपुर गांव में एक किसान ने आंगनवाड़ी सहायिका अपनी पत्नी की निर्ममता पूर्वक बांका से काटकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद भी जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने आज यहां बताया कि पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच के बाद पता चला है कि पति पत्नी के बीच विवाद चल रहा था ,जिस कारण किसान बृजेश ने पत्नी सीमा की बांका से काटकर के हत्या कर दी है और खुद भी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है । घर के भीतर रखा बांका नहीं बरामद हुआ है जिसको खोजने की कोशिश में पुलिस की टीम में जुटी हुई है। इस घटना से इलाके में हड़कंप



मच गया है। बताया जा रहा है कि किसान और उसकी पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, अमूमन पति गुस्से में पत्नी की हत्या करके खुद जान देने की बात भी कहता रहता था।

घटना की सूचना मिलने के बाद मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सैफई सीओ , बसरेहर थाना प्रभारी कपिल चौधरी,चौबिया थाना प्रभारी मंसूर अहमद, डॉग स्कॉट और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम घटना को लेकर के बारीकी से जांच करने में जुटी हुई है। अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद आत्महत्या करने वाले बृजेश के पिता रामेश्वर सिंह ने बताया कि कुछ समय से बृजेश अपने परिवार के साथ अलग रह रहा था । अमूमन बृजेश इस बात को कहता रहता था कि वह अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी जान दे देगा और ऐसा ही उसने किया भी। बृजेश के बेटे ईशू ने बताया है कि कल शाम मम्मी पापा के बीच कुछ विवाद हुआ जिसके बाद रात करीब साढ़े 10 बजे करीब मामला शांत हो गया।

उसके माता पिता के बीच आमतौर पर नशे को लेकर विवाद होता था। शनिवार तड़के गांव वालों ने बृजेश के शव को देखने के बाद सूचना दी तब हत्या की भी जानकारी सामने आई। दोनों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# हयात युनानी मेडिकल कॉलेज में बेसिक लाइफ सपोर्ट आयोजित कराई गई वर्कशॉप

संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)** हयात युनानी मेडिकल कॉलेज × रिसर्च सेंटर में आज बीएलएस बेसिक लाइफ सपोर्ट के ऊपर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया इस वर्कशाप का आयोजन डिपार्मेंट आफ फिजियोलॉजी की ओर से किया गया। बेसिक लाइफ सपोर्ट में बताया गया सीपीआर के बारे में आर्टिफिशिएल रेस्पिरेशन के बारे में और चोकिंग मैनेजमेंट से कैसे बचे इन सब चीजों को लेकर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशाप का आयोजन प्रोफेसर सय्यद मोहम्मद इरफान एचओडी डिपार्टमेंट ऑफ़ फिजियोलॉजी की निगहबानी में किया गया और बीयूएमएस 2023 बैच के बच्चों ने भी अपना योगदान इसमें दिया




जिनमें हुडा रशीद, अब्बास मुश्ताक, मोहम्मद अली शाहिद, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आतिफ, अनंत राणा सन इस्लाम मोहम्मद फैसल और भी सारे बच्चों ने इसमें अपना योगदान दिया। अंत में डायरेक्टर मोहम्मद आरिफ साहब ने और प्रिंसिपल प्रोफेसर आजम कुरेशी मैं ने अपने-अपने अपने विचार व्यक्त किया और इस प्रोग्राम में प्रोफेसर जमाल अख्तर साहब की भी निगाह बनी रही जो की एचओडी डिपार्मेंट आफ एनाटॉमी है।

# छात्रों ने आईआईटी दिल्ली के बेलेस्टिक एन्ड आर्मर टेस्टिंग लैब में फोरेन्सिक की बारीकियों को सीखा




संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फरेंसिक साइन्स लखनऊ के बेलेस्टिक संकाय के छात्रों ने आईआईटी दिल्ली के बेलेस्टिक लैब में फोरेन्सिक की बारीकियों को सीखा। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ फारेन्सिक के निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने बताया कि यूपीएसआईएफएस का एक छात्र दल एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण हेतु 10 मई को आईआईटी दिल्ली गया था।

आईआईटी दिल्ली के बेलेस्टिक एन्ड आर्मर टेस्टिंग लैब एवं रेनोवेशन पार्क में यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने बैलेस्टिक विषय से संबंधित बाडी आर्मर , हेलमेट एवं बुलेटप्रुफ मेटेरियल का अध्ययन किया। बच्चों ने लैब में होने वाले शोध कार्यों को गहनता से जाना तथा लैब में मशीनों के प्रयोग को भी समझा। यूपीएसआईएफएस के बच्चों को वहां एआई के साथ नए स्टार्टअप दिखाए। अलग-अलग मशीनें, उपकरण और उनकी कार्यप्रणाली सहित रोबोट, ड्रोन से संबंधित विषयों पर भी जानकारी हासिल किया। डॉ0 गोस्वामी ने बताया कि पूर्व में विभिन्न संस्थानों से हुए एमओयू का लाभ छात्रों को मिल रहा है जिस कारण बच्चों को निरन्तर कुछ नया सीखने के अवसर और नये-नये अन्वेषण कार्यों की जानकारी भी हासिल हो रही है। उन्होंने बताया कि यूपीएस आईएफएस के छात्र दल का नेतृत्व वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री चन्द्र मोहन सिंह द्वारा किया गया जिन्हें आईआईटी दिल्ली के विषय विशेषज्ञ डॉ0 नरेश भटनागर एवं डॉ0 हेमन्त चौहान द्वारा बेलेस्टिक विषय से संबंधित विभिन्न जानकारियों से लाभान्वित किया गया।

# दुनिया हो रही डिजिटल, लालू लाना चाहते हैं लालटेन युग : योगी

संवाददाता

**बेगूसराय, 11 मई (नवसत्ता)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि एक तरफ दुनिया डिजिटल युग में प्रवेश कर रही है तो वहीं बिहार में लालू प्रसाद यादव फिर से लालटेन युग लाना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर तीखा प्रहार करते हुए उन्हें रामद्रोही बताया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच सिमट चुका है और रामद्रोहियों के भीतर पाकिस्तान प्रेम उमड़ रहा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन देश के विभाजन की नींव तैयार कर रहा है, ऐसे में सभी को एकजुट होकर इनकी जमानत भी जब्त करानी चाहिए। बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ शनिवार को बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पावन धरा को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा



कि वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन धरती से बेगूसराय की जनता का अभिनंदन करने आए हैं। योगी ने कहा कि जब 500 साल का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हुए तब माता जानकी के मायके के लोगों को सबसे ज्यादा खुशी हुई। उन्होंने बीते 10 साल में बीजेपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि राममंदिर हो या भारत की सुरक्षा, आतंकवाद हो या नक्सलवाद की समस्या का समाधान, या फिर विकास के कार्य, मोदी सरकार ने सबको साथ लेकर कार्य किया है। उन्होंने बरौनी कारखाना और रिफाइनरी के विस्तार की चर्चा करते हुए कहा कि हर सेक्टर में अभूतपूर्व विकास हुआ है फिर चाहे बात रेलवे की हो या हाईवे निर्माण की। योगी ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नये भारत का दर्शन करा रही है। योगी आदित्यनाथ ने बिहार की जनता से पूछा कि क्या वे नये भारत का नया बिहार बनते देखना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) पर हमला बोलते हुए कहा कि उन लोगों की सरकार के वक्त जब देश में आतंकी घटनाएं होती थीं तब बहाना बनाया जाता था कि ये घटनाएं सीमापार से हो रही हैं। योगी ने कहा कि आतंकी घटनाएं छोड़िए अगर जोर से कहीं पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है। कहा कि जब मजबूत सरकार होती है तो दुश्मन औकात में रहते हैं, मगर मजबूर सरकार में आतंकवाद सिर चढ़कर बोलता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार में बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान के लिए एनडीए सरकार में निरंतर कार्य हुए हैं। मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत का आधार तय किया गया है। इस संकल्पना को साकार करने के लिए एक बार फिर उन्हें देश की कमान सौंपने का काम करना है।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने तय कर लिया है कि यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के हर हिस्से में एक ही आवाज गूंज रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। ऐसा इसलिए क्योंकि ये चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच हो रहा है। एक तरफ रामभक्त सबका साथ सबका विकास के लिए काम कर रहे हैं जबकि रामद्रोहियों में पाकिस्तान प्रेम जग रहा है, ये लोग माफिया के मरने पर मातम मनाते हैं और रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं।

# सम्पादकीय

## गरीबी उन्मूलन पर पूर्व में गम्भीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया

**भारत में हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में आई भारी कमी के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विकसित देशों के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों ने भारत की आर्थिक नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है। यह सब दरअसल भारत में तेज गति से हुए वित्तीय समावेशन के चलते सम्भव हुआ है। याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी।**

जबकि, भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। परंतु, पहिले अरब से आक्रांताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने भारत को जमकर लूटा तथा देश के नागरिकों को गरीबी की ओर धकेल दिया। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत से 'गरीबी हटाओ' के नारे तो बहुत लगे परंतु, गरीबी नहीं हटी। 'गरीबी हटाओ' के नारे के साथ राजनैतिक दलों ने कई बार सता हासिल की किंतु देश से गरीबी हटाने के गम्भीर प्रयास शायद कभी नहीं हुए और गरीब वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम से दो लाख रुपए का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना को भी लागू किया गया जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि को सीधे ही हितग्राहियों के बचत खातों में जमा कर दिया जाता है। इससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 100 प्रतिशत लाभ की राशि सीधे ही उनके हाथों में पहुंच जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत, वर्ष 2013 के बाद से 31 मार्च 2022 तक, 24.8 लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे ही लाभार्थियों के बचत खातों में जमा की जा चुकी है, इसमें अकेले वित्तीय वर्ष 2021-22 में ही 6.3 लाख करोड़ रुपए की राशि लाभार्थियों के बचत खातों में हस्तांतरित की गई थी। वर्ष 2014 के पूर्व तक जब इन लाभार्थियों के बचत खाते विभिन्न बैंकों में नहीं खुले थे तब तक कांग्रेस एवं अन्य सरकारों के शासनकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि सामान्यतः नकद राशि के रूप में इन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाती थी।

आपको शायद ध्यान होगा कि एक बार देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने कहा था कि केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि के एक रुपए में से केवल 16 पैसे ही लाभार्थियों तक पहुंच पाते हैं। शेष 84 पैसे इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र की जेब में पहुंच जाते है। अब आप स्वयं आंकलन करें कि यदि बैंक में 50 करोड़ लाभार्थियों के बचत खाते नहीं खुले होते और यदि उक्त वर्णित केवल 8 वर्षों के दौरान उपलब्ध कराई गई 25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को नकद राशि के रूप में उपलब्ध कराई जाती तो इन लाभार्थियों के पास केवल 4 लाख करोड़ रुपए की राशि ही पहुंच पाती एवं शेष 21 लाख करोड़ रुपए की राशि इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र के पास ही रह जाती। अब आप आगे एक और कल्पना कर लीजिये कि पिछले 70 वर्षों के दौरान कितनी भारी भरकम राशि इन गरीब हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाई होगी। इस राशि का आकार शायद आपकी कल्पना से भी परे है। सहायता की यह राशि यदि गरीबों तक पहुंच गई होती तो शायद हो सकता है कि देश से अभी तक गरीबी भी दूर हो चुकी होती। अब जब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत सहायता की राशि हितग्राहियों के खातों में सीधे ही पहुंच रही है तो देश से गरीबी भी तेजी से कम होती दिखाई दे रही है, जिसकी तारीफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुक्त कंठ से हो रही है। पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय बैंकों के माध्यम से इस दृष्टि से बहुत ठोस कार्य किया गया है। न केवल 50 करोड़ से अधिक बचत खाते विभिन्न भारतीय बैंकों में खोले गए हैं बल्कि आज इन बचत खातों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी जमा हो गई है और बचत की यह भारी भरकम राशि बैंकों द्वारा देश के आर्थिक विकास में उपयोग की जा रही है।

# मुद्दा

## कौन से देश इजराइल को पहुंचाते हैं हथियारों का जखीरा?

अभिनय आकाश

**अमेरिका ने इजरायल के कुछ हथियारों की शिपमेंट रोक दी है। ये पहली बार है जब अमेरिका ने इजरायल हमास जंग के बीच हथियारों की सप्लाई पर रोक लगाई है। वैसे तो ये रोक पर्मानेंट नहीं है। लेकिन इसे कड़ी चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि इजरायल ने अमेरिका की अपील के बावजूद राफा में ऑपरेशन शुरू किया इसलिए सख्ती दिखाना उसकी मजबूरी है। ये सख्ती कब तक कायम रहेगी कहना मुश्किल है।**

हालांकि राष्ट्रपति जो बाइडेन का बयान अमेरिका की नाराजगी की पुष्टि करता है। 8 मई को राष्ट्रपति बाइडेन ने बोला कि मैंने साफ कहा है कि अगर उन्होंने राफा पर हमला किया तो मैं हथियारों की सप्लाई बंद कर दूंगा। जिसका इस्तेमाल राफा या दूसरे क्षेत्रों में हो सकता है।

अमेरिका इजराइल को सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है, उसके बाद जर्मनी और इटली हैं। इस बीच, गाजा में नागरिक हताहतों और आवासीय क्षेत्रों को नुकसान सहित अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के संभावित उल्लंघन के बारे में चिंताओं के कारण कनाडा और नीदरलैंड ने इजराइल को अपने हथियारों की आपूर्ति रोक दी है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इजराइल को निलंबित हथियारों की डिलीवरी में 1,800 2,000-पाउंड (907-किलो) बम और 1,700 500-पाउंड बम शामिल थे। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि 2,000 पाउंड के बमों के अंतिम उपयोग और घने शहरी इलाकों में उनके प्रभाव के बारे में चिंताओं से यह निर्णय लिया गया। साल 2016 में अमेरिका और इजराइल के बीच 2018-2028 की अवधि को कवर करने के लिए तीसरे 10-वर्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे। इस डील के तहत सैन्य सहायता में 38 बिलियन (3.17 लाख करोड़ रुपये), सैन्य उपकरण खरीदने के लिए अनुदान में 33 बिलियन (2.75 लाख करोड़ रुपये) और मिसाइल रक्षा प्रणालियों के लिए 5 बिलियन (4,17,40 करोड़ रुपये) का प्रावधान किया गया था। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) द्वारा जारी मार्च फैक्टशीट के अनुसार, 2019-2023 की अवधि में इज़राइल को अमेरिका से 69 प्रतिशत सैन्य सहायता प्राप्त हुई। इजराइल यूएस स्न-



35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर का पहला अंतर्राष्ट्रीय ऑपरेटर है, जिसे अब तक का सबसे तकनीकी रूप से उन्नत फाइटर जेट माना जाता है। इजराइल 75 एफ-35 खरीदने की प्रक्रिया में है और पिछले साल तक 36 की डिलीवरी ले चुका था। इजरायल इसके लिए अमेरिकी सहायता से भुगतान कर रहा था। अमेरिका ने इजराइल को उसकी आयरन डोम कम दूरी की रॉकेट रक्षा प्रणाली विकसित करने और हथियारों से लैस करने में भी मदद की है, जिसे इज़राइल और लेबनान स्थित हिजबुल्लाह के बीच 2006 के युद्ध के बाद विकसित किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी इंटरसेप्टर मिसाइलों को फिर से भरने में मदद के लिए इजराइल को बार बार करोड़ों डॉलर भेजे हैं। इसके अलावा वाशिंगटन ने इजराइल की डेविड्स स्लिंग प्रणाली के विकास के लिए धन देने में मदद की है, जिसे 100 किमी से 200 किमी (62 मील से 124 मील) दूर से दागे गए रॉकेटों को मार गिराने के लिए डिजाइन किया गया है।

पिछले वर्ष की तुलना में 2023 में इजराइल को जर्मन रक्षा निर्यात मंजूरी लगभग दस गुना बढ़कर 351 मिलियन (29,30 करोड़ रुपये) हो गई। बर्लिन ने इजराइल पर हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद परमिट अनुरोधों को प्राथमिकता के रूप में माना, जिससे गाजा युद्ध शुरू हो गया। जर्मनी मुख्य रूप से इजराइल को वायु रक्षा प्रणालियों और संचार उपकरणों के लिए घटकों की आपूर्ति करता है जिसने सबसे पहले आंकड़ों की सूचना दी थी। निर्यात किए गए हथियारों में 3,000 पोर्टेबल एंटी-टैंक हथियार और स्वचालित या अर्ध स्वचालित आग्नेयास्त्रों के लिए 500,000 राउंड गोला-बारूद शामिल थे। डीपीए ने कहा कि अधिकांश निर्यात लाइसेंस भूमि वाहनों और हथियारों के विकास संयोजन, रखरखाव और मरम्मत के लिए प्रौद्योगिकी के लिए दिए गए थे।

विदेश मंत्रालय के एक सूत्र ने 9 मई को पुष्टि करते हुए जानकारी दी थी कि अमेरिका और जर्मनी के साथ इजराइल के तीन सबसे बड़े हथियार आपूर्तिकर्ताओं में से एक इटली ने गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से नए निर्यात एप्रूवल रोक दिए थे। सबकुछ रुक गया। और आखिरी ऑर्डर नवंबर में डिलीवर किए गए थे। इतालवी कानून के तहत, उन देशों को हथियारों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है जो युद्ध छेड़ रहे हैं और जिन्हें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का उल्लंघन माना जाता है। मार्च में रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने कहा था कि इटली ने इजराइल को हथियार निर्यात करना जारी रखा है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि हथियारों का इस्तेमाल गाजा नागरिकों के खिलाफ नहीं किया जाएगा, केवल पहले हस्ताक्षरित आदेशों का सम्मान किया जा रहा है।

इटली ने इजराइल को 1.4 मिलियन डॉलर (11.69 करोड़ रुपये) के हथियार भेजे, जो 2022 में इसी महीने के स्तर का तीन गुना है। इटली ने 2019-23 में इजराइल की लगभग एक प्रतिशत सैन्य सहायता प्रदान की, जिसमें कथित तौर पर हेलीकॉप्टर और नौसैनिक तोपखाने शामिल थे।

ब्रिटेन इजरायल के बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक नहीं है। अमेरिका के विपरीत, ब्रिटेन की सरकार इज़राइल को सीधे हथियार नहीं देती है, बल्कि कंपनियों को बेचने के लिए लाइसेंस देती है। पिछले साल ब्रिटेन ने इजराइल को कम से कम 52.5 मिलियन डॉलर (438 करोड़ रुपये) के रक्षा उपकरण बेचने के लिए निर्यात लाइसेंस दिए थे। लाइसेंस गोला-बारूद, मानव रहित हवाई वाहन, छोटे हथियार गोला-बारूद और विमान, हेलीकॉप्टर और असॉल्ट राइफलों के घटकों सहित वस्तुओं के लिए थे। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने संसद को बताया कि ब्रिटेन दुनिया की सबसे सख्त लाइसेंसिंग नियंत्रण व्यवस्थाओं में से एक चलाता है जिसमें वह समय-समय पर मानवीय कानून के प्रति इजरायल की प्रतिबद्धता पर सलाह की समीक्षा करता है।

कनाडा की सरकार ने 20 मार्च को कहा कि उसने 8 जनवरी से इजराइल को हथियारों के निर्यात का लाइसेंस देना बंद कर दिया है, और यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक ओटावा यह सुनिश्चित नहीं कर लेता कि हथियारों का उपयोग मानवीय कानून के अनुसार किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय अधिकार समूहों के अनुसार इजरायली बमबारी और जमीनी हमलों में गाजा में मरने वालों में से कई नागरिक थे।

# राजनीति

## अरविंद केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत के सियासी मायने

कमलेश पांडे

**सुप्रीम कोर्ट के एक साहसिक निर्णय से जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के चुनावों के दौरान बाहर आने और चुनाव प्रचार में अपनी भागीदारी जताने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। समझा जाता है कि कोर्ट के इस उदार पहल से भारत में एक नई सियासी क्रांति का आगाज हो सकता है।**

लिहाजा इस निर्णय के सफेद और स्याह पक्ष पर चर्चा करने से पहले यह बता दें कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की जांच का सामना कर रहे और पिछले 50 दिन से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने आगामी एक जून 2024 तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। ऐसा इसलिए कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विगत 21 मार्च 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के इस निर्णय की तब बहुत आलोचना हुई थी, क्योंकि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ही उन्हें गिरफ्तार किया गया था, जो भारतीय राजनीतिक इतिहास की अनोखी घटना बन चुकी है। इसी मामले में गत 8 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान ही न्यायमूर्ति खन्ना ने प्रवर्तन निदेशालय के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह केजरीवाल को अंतरिम राहत पर शुक्रवार को आदेश पारित कर सकते हैं। इससे एक दिन पहले भी यानी गत 7 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा था कि मामले की सुनवाई जल्दी पूरी होने की उम्मीद नहीं



है। ऐसे में कोर्ट लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है।

हालांकि, कोर्ट ने शर्त रखी थी कि अगर चुनाव प्रचार के लिए जमानत दी जाती है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं करेंगे और न ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। फिर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भिजवाने वाली ईडी परेशान हो गई। आनन-फानन में ईडी ने एक हलफनामा दायर करके उनके अंतरिम जमानत का विरोध किया और कुछ अकाट्य दलीलें भी दी। जिस पर केजरीवाल की लीगल टीम ने भी कड़ी आपत्ति जताई। जिसके दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की सभी दलीलों को दरकिनार करते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

यही वजह है कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने के सियासी और न्यायिक मायने तलाशे जा रहे हैं। क्योंकि यह एक असाधारण न्यायिक आदेश है, जो अब बौद्धिक विमर्श का मुद्दा भी बन चुका है। समझा जा रहा है कि कोर्ट के ताजा निर्देश से जहां देश में जनतांत्रिक भावनाओं को बल मिलेगा, वहीं भ्रष्टाचार और अपराध में शामिल राजनेताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। क्योंकि जेल से बाहर रहने का एक अमोघ कानूनी हथियार कोर्ट के फैसले से उन्हें मिल चुका है। लिहाजा आने वाले दिनों में जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगे जाने के मामले बढ़ेंगे। बता दें कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल को किसी भी तरह की विशेष राहत देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दिया जाना समानता और कानून के शासन के लिए अभिशाप जैसा होगा। इससे ऐसी नजीर कायम होगी कि सभी अपराध करने वाले अनैतिक राजनेता चुनाव की आड़ में जांच को नजरअंदाज करेंगे, चाहे वो पंचायत चुनाव हो, नगरपालिका चुनाव हो विधानसभा चुनाव हो या फिर आम चुनाव। यदि वे गिरफ्तार किए जाते हैं तो प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगेंगे।

दो कदम आगे की सोचते हुए उसने तर्क दिया कि आजतक किसी भी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई, चाहे जेल में बंद वह व्यक्ति स्वयं भी प्रत्याशी क्यों न रहा हो, जबकि केजरीवाल तो उम्मीदवार भी नहीं हैं। ऐसे भी कई उदाहरण हैं कि अपराधी जेल से ही चुनाव लड़े और जीत भी गए, लेकिन उन्हें कभी इस आधार पर जमानत नहीं मिली। वैसे भी चुनाव प्रचार न तो संवैधानिक अधिकार है और न ही मौलिक अधिकार। लिहाजा ऐसा होने से कानून का उल्लंघन करने वाले हर अपराधी को राजनीतिज्ञ बनने और वर्ष भर प्रचार के मोड में रहने का प्रोत्साहन मिलेगा। राजनेता आम आदमी से ऊपर होने और विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकता।

ईडी ने अपनी दलील में चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार, जिसे कोर्ट ने संवैधानिक अधिकार माना है, वह भी हिरासत के दौरान नहीं रहता। जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 62(5) जेल में बंद व्यक्ति के मतदान के अधिकार में कटौती की बात करती है।

# अपनी बात

## रायबरेली में बीजेपी तैयार कर रही है राहुल विरोधी नेरेटिव

अजय कुमार

**उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से रायबरेली लोकसभा सीट एक मात्र ऐसी सीट है जहां कांग्रेस पूरी शिद्दत के साथ चुनाव लड़ रही है। बाकी की 16 सीटों पर तो उसे जीत के लिये समाजवादी पार्टी का ही सहारा है। रायबरेली की जीत को गांधी परिवार ने साख का सवाल बना लिया है तो बीजेपी राहुल गांधी की साख को 'धूमिल' करने में लगी है। कांग्रेस पार्टी की ओर से राहुल गांधी के प्रत्याशी बनने के बाद चर्चा इस बात की हो रही है कि क्या वो अपने परिवार की इस सीट को बचा पाएंगे?**

जहां सोनिया गांधी हमेशा से बड़ी जीत हासिल करती रहती थीं, लेकिन अभी से इस बात पर चर्चा छिड़ी हुई है क्या राहुल गांधी अपनी मां की जैसी शानदार जीत हासिल कर सकेंगे। राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी को छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने आये जरूर हैं, लेकिन इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस को लगता है कि राहुल के लिए रायबरेली अमेठी के मुकाबले सुरक्षित है, पर रायबरेली जीतने के लिए बीजेपी पिछले पांच साल से काम कर रही है, जबकि कांग्रेस ने प्रत्याशी का फैसला ही नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 03 मई को किया था। हालांकि इसके बावजूद गांधी परिवार की इस परंपरागत सीट पर राहुल गांधी की जीत की उम्मीद और पराजय का डर बराबर का बना हुआ है। इसी लिये प्रियंका गांधी के साथ-साथ कांग्रेस के कई कद्दावर नेता रायबरेली में डेरा डाले हुए हैं। वहीं बीजेपी की तरफ से ऐसी चर्चाओं को हवा दी जा रही है कि रायबरेली जीतने के बाद राहुल गांधी वायनाड के लिए इस सीट से इस्तीफा दे सकते हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश का बयान भी इस बात पर मुहर लगा रहा है। जयराम रमेश ने कहा है कि प्रियंका गांधी के लिए प्लान बी तैयार है। उस प्लान बी को राहुल के रायबरेली जीतने के बाद लागू किया जाएगा। वैसे कहा यह भी जा रहा है कि हो सकता है कि राहुल गांधी रायबरेली जीतने के बाद वायनाड में ही बने रहें, क्योंकि केरल में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। बहुत उम्मीद है कि इस बार केरल में कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन यूडीएफ की सरकार बने, इसलिए यह तय है कि राहुल गांधी वायनाड नहीं छोड़ेंगे,अगर जनता के बीच ये संदेश चला जाता है कि राहुल गांधी रायबरेली जीतने के बाद यहां से रिजाइन कर देंगे तो निश्चित है कि कांग्रेस को बड़ा नुकसान हो जाएगा। उधर, राहुल गांधी और कांग्रेस से इत्तर बीजेपी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह पिछले पांच साल से रायबरेली से चुनाव जीतने के लिए लगे हुए है बीजेपी भी 2019 में दिनेश प्रताप सिंह के चुनाव हारने के बाद उन्हें भविष्य के सांसद के रूप प्रोजेक्ट करती रही है। दरअसल बीजेपी रायबरेली में अमेठी मॉड्यूल पर काम कर रही है। जैसे स्मृति इरानी 2014 में चुनाव हारने के बाद 5 साल सांसद के रूप प्रोजेक्ट करती रही है। कांग्रेस के गढ़ रायबरेली में कमल खिलाने के लिए भाजपा हर मोर्चे पर प्रयासरत हैं। इसी लिये भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह से नाराज चल रहे विधायकों को मनाने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी स्वयं कमान संभाले हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने पहले पार्टी कार्यालय पर बैठक की, उसके बाद सदर विधायक अदिति सिंह से मिलने उनके आवास गए। वहां पर करीब एक घंटे तक उनके साथ बैठक की। उसके बाद भूपेंद्र चौधरी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ ऊंचाहार से विधायक डॉ. मनोज पांडे के गोराबाजार स्थित उनके आवास पहुंचे। यहां पर भी उन्होंने करीब एक घंटे तक ऊंचाहार विधायक से बात की।

# चिंतन

## विज्ञान और धर्म संसार के दो शासक

प्रियंका सौरभ

**समाज में धर्म और विज्ञान की भूमिका प्रभावशाली है। विज्ञान और धर्म के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पहले का संबंध प्राकृतिक दुनिया से है जबकि दूसरे का संबंध प्राकृतिक और अलौकिक दोनों संस्थाओं से है। विज्ञान तथ्यों की उचित प्रमाण एवं प्रमाण सहित व्याख्या करता है। यह हमेशा सवालों के जवाब देने के लिए तार्किक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है। धर्म लोगों को शक्ति पर निर्भर बनाता है और यह शक्ति प्राकृतिक या अलौकिक हो सकती है। यह हमेशा विश्वासों और विश्वासों पर निर्भर होता है। धर्म के अनुसार सब कुछ अज्ञात शक्ति के प्रभाव से होता है। जबकि विज्ञान सदैव तार्किक तथ्यों एवं प्रमाणों पर निर्भर रहता है। जब धर्म ने विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया, तो विज्ञान ने खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त किया।**



धर्म और विज्ञान के बीच संबंध को दुनिया में सबसे अधिक बहस वाले विषयों में से एक माना जा सकता है। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर कुछ तर्क संघर्ष पैदा करते हैं, जबकि अन्य सोचते हैं कि यह दो अलग अलग संस्थाएं हैं जो दो अलग-अलग मानवीय अनुभवों से निपटती हैं। कुछ धार्मिक और वैज्ञानिक संगठनों का कहना है कि धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच इस तरह के टकराव की कोई आवश्यकता नहीं है। धर्म और विज्ञान जटिल सामाजिक विषय हैं जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। यह लेख हमें विज्ञान और धर्म की विभिन्न अवधारणाओं को देखने देता है और वे एक-दूसरे से कैसे संबंधित हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंध सद्भाव, जटिलता और संघर्ष की विशेषता है। समाज में व्यक्ति के विचारों को आकार देने में विज्ञान और धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण है।

धर्म मान्यताओं, रीति-रिवाजों और परंपराओं का एक संग्रह है। इसे नियंत्रक शक्ति के प्रति पूजा भी कहा जाता है। धर्म सदैव ईश्वर पर केन्द्रित नहीं हो सकता। यह किसी भी प्रकार की शक्ति के प्रति समर्पण हो सकता है। विज्ञान की भांति मध्यकाल में धर्म शब्द का भी कोई उचित अर्थ नहीं था। मानवविज्ञानी ईबी टेलर के साहित्यिक कार्यों के माध्यम से इसे अपना वर्तमान उद्देश्य प्राप्त हुआ। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दुनिया भर में धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। धर्म किसी समाज और व्यक्ति की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसका असर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। विज्ञान को ज्ञान की खोज और अनुप्रयोग तथा प्रयोगों, अवलोकनों और उचित साक्ष्यों के माध्यम से दुनिया को समझने के रूप में परिभाषित किया गया है। पुराने काल में विज्ञान का अर्थ प्राकृतिक दर्शन या प्रयोगात्मक दर्शन था। इसका सटीक सन्दर्भ उन्नीसवीं शताब्दी में आया और प्रयोग किया गया। विलियम व्हीवेल ने वैज्ञानिक शब्द का मानकीकरण उन लोगों के रूप में किया जो विज्ञान के अभ्यासकर्ता हैं। संक्षेप में विज्ञान को संसार और उसके व्यवहार के प्रति जिज्ञासा माना जा सकता है। विज्ञान सदैव एक रहस्य है। प्रत्येक परीक्षा और खोज से विज्ञान में अधिक प्रश्न उत्पन्न होते हैं।

प्राकृतिक दुनिया, इतिहास, दर्शन और धर्मशास्त्र का विश्लेषण करके विज्ञान और धर्म के बीच संबंध का अध्ययन किया जा सकता है। विज्ञान प्राकृतिक दुनिया की जांच और विश्लेषण करता है, जबकि धर्म आध्यात्मिक या अलौकिक रूप से दुनिया का विश्लेषण करता है। कई वैज्ञानिकों, धर्मशास्त्रियों, दार्शनिकों आदि ने कहा है कि विज्ञान और धर्म के बीच अन्योन्याश्रयता है। यह भी सच है कि धार्मिक तथ्य कई वैज्ञानिक तथ्यों को प्रभावित करते हैं। सबसे अच्छा उदाहरण यह है कि कुछ लोग अभी भी प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा विकास के सिद्धांत को अस्वीकार करते हैं और मानव अस्तित्व की धार्मिक मान्यता में विश्वास करते हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर चर्चा एक संघर्ष में समाप्त होती है। जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है, विज्ञान और धर्म शब्द 19वीं शताब्दी में उभरे और इन्हें किसी व्यक्ति के आंतरिक गुण माना जाता था और प्रथाओं या ज्ञान का संदर्भ नहीं दिया जाता था। हमारी समझ विचारों और यहां तक कि हमारे भविष्य को आकार देने में धर्म और विज्ञान की अलग-अलग भूमिकाएं हैं। जब धर्म उस भावना में योगदान देता है जिसे मानव मस्तिष्क नहीं पकड़ सकता, तो विज्ञान मन के असीमित विचारों और प्रयोगों के माध्यम से खोज करता है।

समाज में धर्म और विज्ञान की भूमिका प्रभावशाली है। विज्ञान और धर्म के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पहले का संबंध प्राकृतिक दुनिया से है जबकि दूसरे का संबंध प्राकृतिक और अलौकिक दोनों संस्थाओं से है। विज्ञान तथ्यों की उचित प्रमाण एवं प्रमाण सहित व्याख्या करता है। यह हमेशा सवालों के जवाब देने के लिए तार्किक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है। धर्म लोगों को शक्ति पर निर्भर बनाता है और यह शक्ति प्राकृतिक या अलौकिक हो सकती है। यह हमेशा विश्वासों और विश्वासों पर निर्भर होता है। धर्म के अनुसार सब कुछ अज्ञात शक्ति के प्रभाव से होता है। जबकि विज्ञान सदैव तार्किक तथ्यों एवं प्रमाणों पर निर्भर रहता है। जब धर्म ने विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया तो विज्ञान ने खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

वैज्ञानिक आस्तिक होने का मतलब यह नहीं है कि कोई व्यक्ति आध्यात्मिक नहीं हो सकता। ऐसे कई वैज्ञानिक और धार्मिक लोग हैं जो क्रमशः धर्म और विज्ञान में विश्वास करते हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि विज्ञान और धर्म मानव जीवन के दो आवश्यक पहलू हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों की चर्चा व्यापक है लेकिन अंत में अधूरी रह जायेगी। वास्तव में, हम यह कह सकते हैं कि विज्ञान और धर्म एक ही समय में पूरक और गतिशील दोनों हो सकते हैं। धर्म की तुलना में विज्ञान को अधिक व्यवस्थित और तार्किक माना जाता है। विज्ञान एक वस्तुनिष्ठ विचार है जबकि धर्म एक व्यक्तिपरक विचार है। विज्ञान और धर्म अलग-अलग पहलुओं में बहुत करीब से जुड़े हुए हैं। विज्ञान हमेशा अपने कथनों को प्रदर्शित करने के लिए तथ्यों और तर्क पर निर्भर करता है, जबकि धर्म लोगों की आस्था और शक्ति पर निर्भर करता है।

# कुछ-अलग

## अध्यात्मवाद को जिसने विश्व में प्रतिष्ठित किया

सुरेश सिंह बैस शाश्वत



**रामकृष्ण मिशन के संस्थापक और विश्व वंदनीय स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस ने भारतीय समाज के पुनरोद्धार के लिये अविस्मरणीय कार्य किये हैं। हालांकि परमहंस का कार्यक्षेत्र बंगाल तक ही सीमित रहा, चूंकि उनके शिष्य, भक्त और अनुयायियों ने प्रेरणा पाकर उनके आदेशानुसार पूरे भारत सहित विश्व के अन्य भागों में भी भ्रमण कर उनके समाज हित के विचारों का प्रसार किया।**

फलतः इसका प्रभाव चहुं ओर बड़े व्यापक रूप से सामने आया। और तो और रामकृष्ण के प्रिय शिष्य विवेकानंद ने सुदूर सात समुंदर पार अमेरिका के विश्व धर्म सम्मेलन में ओजपूर्ण और मानव मन को झकझोर देने वाले विचारों का जो सिंहनाद किया। उसकी गूंज से सारा विश्व स्तब्ध रह गया। आज भी उसी गूंज से सारा विश्व मोहित है और इस गूंज से ही अपने को परिष्कृत करने का मार्ग भी ढूंढ रहा है। रामकृष्ण मिशन उस संस्था का नाम है, जो रामकृष्ण परमहंस की शिक्षाओं के प्रसारार्थ स्थापित की गई थी रामकृष्ण परमहंस का जन्म 1834 ई. को हुआ था और उनका देहावसान सन् 1886 में हुआ। उन्होंने किसी नए समाज या संस्था की स्थापना नहीं की। उनके अध्यात्मवाद, सरल जीवन और उच्च आदर्श से तत्कालीन शिक्षित वर्ग पर्याप्त प्रभावित हुआ। उनके परम शिष्य विवेकानंद (नरेन्द्रनाथ दत्त) अत्यंत मेधावी थे। और उन्होंने रामकृष्ण परमहंस के अध्यात्मवाद को आत्मसात कर उसे देश और विदेशों में भी प्रसारित प्रवाहित किया। 1893 ई. में शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में उन्होंने भारतीय अध्यात्मवाद पर अत्यंत मार्मिक भाषण दिया। अध्यात्मवाद का यह सुंदर और सूक्ष्म विवेचन सुनकर पाश्चात्य देशों की जनता उनसे बहुत प्रभावित हुई। स्वामी विवेकानंद ने तीन वर्ष अमेरिका में रहकर रामकृष्ण की शिक्षा का प्रसार किया। इन्ही शिक्षाओं के प्रसार के उद्देश्य से रामकृष्ण मिशन नामक संस्था की स्थापना रामकृष्ण परमहंस ने की थी। रामकृष्ण विविध धर्मो की आधारभूत एकता पर विश्वास करते थे, और उनका मत था कि मनुष्य को अध्यात्मवाद का पालन कर ब्रम्ह में विलीन हो जाना चाहिये, ईश्वर अमर और अजेय हैं, उसकी उपासना सगुण और निर्गुण दोनों प्रकार से की जा सकती हैं। तथा विश्व के सारे धर्म एक ही लक्ष्य को प्राप्त करने के भिन्न-भिन्न साधन हैं। रामकृष्ण की अध्यात्म शिक्षा ने हिन्दू जनता को पर्याप्त प्रभावित किया। रामकृष्ण मिशन अध्यात्म शिक्षा के प्रसार के अतिरिक्त अशिक्षित तथा दलितों के उन्नयन एवं उपेक्षित तथा रोग पीड़ित जनों की सेवा का कार्य भी करता है। स्वामी विवेकानंद जहाँ भारतीय अध्यात्मदर्शन पर प्रकाश डालते थे, वहाँ वे भारत की दशा की ओर अन्य देशों का ध्यान आकृष्ट करते थे। रामकृष्ण मिशन ने भारत के नव जागरण में बड़ा योग दिया हैं।रामकृष्ण मिशन के अनुयायी ब्रम्ह समाज के संपूर्ण कार्यक्रम तथा उसकी विचारधारा को पूर्णतः स्वीकार नहीं करते परंतु उनमें कोई कट्टरता भी नहीं है। वे उदार मार्ग को मानकर चलते हैं। रामकृष्ण-मिशन के अनुयायी दो प्रकार के हैं- एक जो विवाह नहीं करते तथा परमात्मा व मनुष्य जाति की सेवा तथा उसके कल्याण के लिये अपना संपूर्ण जीवन लगा देते हैं। और दूसरे विवाह करके गृहस्थ की भांति रहते हैं, परंतु वे भी मिशन के आदर्शों तथा उसकी शिक्षाओं के अनुसार अपना जीवन व्यतीत करते हैं।

# मोदी सरकार के दस साल के कामकाज को सफल बता रहे बंगालवासी

एजेंसी

**कोलकाता, 11 मई (नवसत्ता)।** चुनाव यात्रा के दौरान प्रभासाक्षी की टीम पश्चिम बंगाल पहुंची। जहां की दक्षिण कोलकाता लोकसभा सीट पर हमारे एडिटर नीरज कुमार दुबे ने स्थानीय महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं से बात की है।




महिलाओं ने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में निश्चित ही कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि हर हिंदू को चाहिए कि वह कमल खिलाए क्योंकि कमल पर मां लक्ष्मी विराजमान होती हैं। इसके अलावा महिलाओं ने कहा कि उन्हें शेर की तरह दहाड़ता नरेंद्र शेर मोदी जैसा ही प्रधानमंत्री चाहिए है। कश्मीर को लेकर महिलाओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार में पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गई थीं। जिसके कारण आर्मी के जवान बड़ी संख्या में शहीद होते थे। लेकिन मोदी सरकार में जम्मू कश्मीर की स्थिति नियंत्रण में है और लोग चैन की सांस लेते हैं। बंगाल में हो रहे महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। उनकी स्थिति बहुत दयनीय हो चुकी है।

इसके अलावा शराब राज्य सरकार के नियंत्रण में नहीं है। जिससे छोटे-छोटे बच्चे और युवाओं को कम उम्र में ही नशे की लत लग रही है। उन्होंने कहा कि इन सब समस्याओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निश्चित रूप से दूर करेंगे। इसलिए उन्हें भरोसा है कि फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। महिलाओं ने कोरोना वैक्सीन और राम मंदिर को लेकर भी सरकार की तारीफ करते हुए अबकी बार 400 पार का नारा सार्थक होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में हो रहे महिलाओं पर उत्पीड़न के कारण एक-न-एक दिन पश्चिम बंगाल सरकार गिरेगी और ममता दीदी का सर्वनाश होगा।

# दिल्ली में धूल भरी आंधी, दो लोगों की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** दिल्ली एनसीआर में भीषण गर्मी के बीच रात धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान पेड़ गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। तेज आंधी से कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। तूफान के कारण अलग-अलग हादसों में कुल 23 लोग घायल हुए हैं। हवा की रफ्तार 50 से 70 किमी प्रति घंटा के बीच दर्ज की गई।

दिल्ली एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण 9 फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया है।

सड़कों पर पेड़ गिरने से दिल्ली और आसपास के इलाकों में यातायात भी प्रभावित हुआ है। पुलिस ने बताया कि उन्हें पेड़ गिरने से जुड़े 152, इमारतों को नुकसान पहुंचने से जुड़े 55 और पावर कट से जुड़े 202 कॉल रिसीव हुए हैं। आंधी और बारिश के बाद दिल्ली एनसीआर में बढ़ते तापमान से लोगों को राहत मिली है। शनिवार सुबह से मौसम सुहाना बना हुआ है। कुछ जगहों पर रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी भी जारी है।मौसम विभाग ने अगले 2 दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में बारिश से दो मौतें, बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे बंद बारिश के कारण उत्तराखंड में भी तबाही हुई है। राज्य के पहाड़ी इलाकों और बद्रीनाथ हाईवे पर पीपल कोठी के पास भारी बारिश के कारण बारिश में दो लोगों की मौत हो गई।

छह लोग घायल हो गए। इमारतों को नुकसान पहुंचने से 17 लोग घायल हैं। सिरोबगड़ के पास सड़क पर मलबा जमा हो जाने से बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे बंद हो गया है।

इसके कारण बद्रीनाथ और केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को श्रीकोट-श्रीनगर और कलियासौड़ में रोका गया है। सिरोबगड़ में पहाड़ से लगातार मलबा और पत्थर गिरने से सड़क नहीं खुल पा रही है।

# सुधांशु त्रिवेदी बोले- अब जेल रिटर्न क्लब में शामिल हो गए दिल्ली के सीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद केजरीवाल ने आज भाजपा पर एक राष्ट्र एक नेता के विचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। तिहाड़ से निकलने के बाद नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई बड़े गंभीर आरोप लगाए। अब इसी को लेकर भाजपा की ओर से पलटवार किया गया है। बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अरविंद केजरीवाल बाहर आ गए हैं और जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा, केजरीवाल आखिरकार लालू प्रसाद यादव, जयललिता और शिभू सोरेन की तरह जेल रिटर्न क्लब का हिस्सा बन गये हैं।




केजरीवाल पर हमला बोलते हुए त्रिवेदी ने कहा कि उन्होंने 20 साल आगे की बात की और 10 साल में उनकी स्थिति का क्या हुआ। 10 साल पहले, उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) कहा था कि मैं राजनीति में नहीं आऊंगा, मैं कांग्रेस से समर्थन नहीं लूंगा, मैं कार, बंगला या सुरक्षा नहीं लूंगा 10 साल में आप कितने बदल गए? उन्होंने कहा कि 20 साल बाद आपका अस्तित्व बचेगा भी या नहीं?...10 साल में उन्होंने दिखा दिया कि नई राजनीति का प्रयोग कितना खतरनाक और विकृत हो सकता है...इसलिए भारत आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसका समय अभी नहीं आया है किसी भी नई राजनीति के साथ प्रयोग करें।

सुधांशु त्रिवेदी ने साफ तौर पर कहा कि अब समय आ गया है कि परखे हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत राष्ट्रवादी सरकार लाई जाए। उन्होंने कहा कि हम एक बात कहना चाहेंगे कि ये उनकी शराब का असर था या वो जिस जगह पर गए थे। उनके मुंह से एक बात सही निकली। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे और उसके बाद अमुक को प्रधानमंत्री बनाया जायेगा। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं कि आज उन्होंने मान लिया है कि नरेंद्र मोदी दोबारा भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। कभी-कभी शराब पीने के बाद व्यक्ति का पूरा नियंत्रण नहीं रहता तो सही बात सामने आ जाती है। इतना ही नहीं उन्होंने उत्तराधिकार का प्लान भी बताना शुरू कर दिया कि पीएम मोदी के बाद कौन रहेगा।

# मां शारदा के दर्शन कर लौट रहे भक्तों से जहरखुरानी



एजेंसी

**भोपाल, 11 मई (नवसत्ता)।** चलती ट्रेन में एक बार फिर जहरखुरानी करने का मामला समाने आया है। जहां मैहर से कटनी आ रहे परिवार को अज्ञात शख्स ने नशीला पानी पिलाकर लूट करने का प्रयास किया था, लेकिन परिवार की किस्मत अच्छी थी कि जल्द ही स्टेशन आ गया और पूरा परिवार बड़ी वारदात से बच निकला।

हालांकि पानी ज्यादा पीने से 2 बच्चे सहित माता-पिता बेहोश हो गए थे, जिन्हें जीआरपी की टीम ने कटनी जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित के भाई अनिल सिंह ने बताया कि जबलपुर में मेरे छोटे भाई सुनील सिंह और उसकी पत्नी पूजा ठाकुर अपने बच्चों के साथ रहती है, जो मैहर मां शारदा के दर्शन कर हमारे घर एक दिन रुककर जाने के लिए कटनी आ रहे थे। तभी किसी अज्ञात शख्स ने गलत नियत से नशीला पानी पिला दिया था, जिससे सुनील सिंह, पूजा और बच्ची वंशिका बेहोश हो गए थे, जिनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। इधर, कटनी आरपीएफ प्रभारी अनिल दीक्षित ने बताया कि सुनील सिंह अपनी पत्नी पूजा ठाकुर अपने दोनों बच्चो के साथ कटनी जंक्शन में बेहोशी की हालत पर मिले थे, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। वहीं इनके बेहोश होने का कारण क्या था इसकी जानकारी नहीं लगी है। परिजनों के मुताबिक किसी ने नशीला पानी पिलाया था, लेकिन उनके साथ किसी भी प्रकार की लूट की घटना नहीं हुई है। फिलहाल मामले की तफ्तीश जारी है।

# अफगानिस्तान में बाढ़ व बारिश ने मचाई तबाही, 200 से अधिक लोगों की मौत



एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** संयुक्त राष्ट्र ने शनिवार को कहा कि उत्तरी अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ के कारण एक ही प्रांत में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र के इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने एएफपी को बताया कि शुक्रवार को भारी बारिश के कारण बघलान प्रांत में 200 से अधिक लोग मारे गए और हजारों घर नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए। आईओएम आपातकालीन प्रतिक्रिया नेतृत्व ने अफगानिस्तान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, अकेले बघलानी जदीद जिले में 1,500 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए और 100 से अधिक लोग मारे गए। तालिबान सरकार के अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार रात तक 62 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को एक्स पर एक बयान में मृतकों और घायलों की संख्या में अंतर किए बिना कहा कि हमारे सैकड़ों साथी नागरिक इन विनाशकारी बाढ़ के कारण मारे गए हैं। अफगानिस्तान के कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई, उत्तरी तखर प्रांत के अधिकारियों ने शनिवार को 20 लोगों की मौत की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को हुई बारिश से पूर्वोत्तर बदख्शां प्रांत, मध्य घोर प्रांत और पश्चिमी हेरात में भी भारी क्षति हुई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आपातकालीन कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया गया है और वे घायल और फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए दौड़ रहे हैं। अफगानिस्तान जहां अपेक्षाकृत शुष्क सर्दी थी जिससे मिट्टी के लिए वर्षा को अवशोषित करना अधिक कठिन हो गया जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। चार दशकों के युद्ध से तबाह हुआ यह देश दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है और वैज्ञानिकों के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग के परिणामों का सामना करने के लिए सबसे खराब तैयार देशों में से एक है।

## भारत को लेकर अमेरिका से भिड़ा रूस

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** खालिस्तानी गुरवतपंत सिंह पन्नू को लेकर अमेरिका और भारत में गजब का विवाद छिड़ा है। अमेरिका और भारत दोनों ही पूरे मामले को लेकर बहुत संजीदगी के साथ संयम बरतते हुए मामले को हैंडल कर रहे हैं। इन सब के बीच में रूस की एंट्री हुई तो अमेरिका भी सीधा हो गया। अमेरिका के तेवर भी भारत को लेकर अचानक ढीले पड़ गए। अमेरिका अब पन्नू मामले को लेकर भारत के पक्ष का इंतजार कर रहा है। रूस के एक बार फिर भारत का साथ देकर दुनिया में दोस्ती की मिसाल पेश कर दी। जहां अमेरिका ने भारत का विरोध करते हुए टिप्पणी की तो वहीं रूस ने भारत का साथ दिया। अमेरिका को भारत के आतंरिक मामले में दखल देने के लिए जिम्मेदार बताया। दरअसल, रूस का ऐसा कहना था कि अमेरिका भारत के आम चुनावों में दखल दे रहा है।

अमेरिका के वाशिंगटन पोस्ट में गुरवतपंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने में भारत को जिम्मेदार बताया। इसके बाद रूस ने इस रिपोर्ट को बेबुनियाद बताया। इसके बाद अमेरिकी विदेशी विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने भारत के चुनाव में दखल देने के आरोपों को खारिज कर दिया।

# मोदी के चुनावी भाषण में होती हैं खोखली बातें: प्रियंका गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी भाषणों को ''खोखली बातें'' करार दिया और आरोप लगाया कि वह राजनीति का इस्तेमाल केवल सत्ता हासिल करने के लिए कर रहे हैं, न कि लोगों की सेवा के लिए। वह नंदूरबार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गोवाल पाडवी के समर्थन में यहां एक जनसभा को संबेधित कर रही थीं।



प्रधानमंत्री मोदी ने एक दिन पहले इस आदिवासी बहुल निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित किया था। प्रियंका ने कहा, मोदी जी जो भी बोलते हैं वे खोखली बातें हैं जिनमें कोई वजन नहीं होता। उन्होंने कहा, मुझे नरेन्द्र मोदी की किसी आदिवासी के घर जाकर उनकी समस्याएं समझने की एक तस्वीर दिखाइए।

प्रियंका ने लोगों से कहा, ''आपकी संस्कृति और परंपरा का सम्मान करना राजनीतिक नेताओं का कर्तव्य है। भाजपा आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा का सम्मान नहीं करती।'' उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन का उद्घाटन करने और अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब वास्तव में सम्मान देने की बात आती है, तो मोदी पीछे हट जाते हैं। प्रियंका ने कहा, मोदी एक बच्चे की तरह रोते हैं और कहते हैं कि उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। यह सार्वजनिक जीवन है...इंदिरा गांधी से सीखें...दुर्गा जैसी महिला, जिसने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए।

# खेल

# फॉर्म में चल रही आरसीबी के लिये दिल्ली के खिलाफ 'करो या मरो' का मुकाबला

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाये रखने के लिये रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।



आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिये रास्ते बंद हो जायेंगे। लगातार चार जीत और विराट कोहली के जबर्दस्त फॉर्म के दम पर उसके हौसले बुलंद है। कोहली ने इस सत्र में सर्वाधिक 634 रन बना लिये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 153 का रहा है। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। गेंदबाजों ने भी शुरूआती मैचों के औसत प्रदर्शन के बाद अपना काम बखूबी किया है। पिछले चार मैचों में मोहम्मद सिराज ने अपनी लय हासिल कर ली जबकि यश दयाल और स्पिनर स्वप्निल सिंह भी उपयोगी साबित हुए हैं। पंजाब के खिलाफ मैच के बाद सिराज और दयाल का इकॉनामी रेट इस सत्र में पहली बार दस के नीचे गया। इस सत्र में लग रहे रनों के पहाड़ के बीच इसे अच्छा प्रदर्शन कहा जायेगा। इनकी परीक्षा दिल्ली के जैक फ्रेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235.87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं। डेविड वॉर्नर ने सात मैचों में 135 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाये थे और चोट के कारण उनके बाहर होने के बाद मैकगुर्क खेल रहे हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी। कप्तान पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने अच्छी पारियां खेली है और आरसीबी के गेंदबाजों के सामने भी उनके लिये कठिन चुनौती होगी। गेंदबाजी में दिल्ली का पलड़ा भारी है। उसके पास कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर हैं जो मिलकर 24 विकेट ले चुके हैं। उनका इकॉनॉमी रेट भी नौ से कम रहा है। तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 और मुकेश कुमार 15 विकेट ले चुके हैं और दिल्ली को उनसे शुरूआती सफलताओं की उम्मीद होगी। फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा मनोज भंडागे, मयंक डागर विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# आयरलैंड ने पहली बार पाकिस्तान को हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** आयरलैंड ने 3 मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ आयरलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टी-20 क्रिकेट में पाक टीम पर आयरलैंड की यह पहली जीत है। इससे पहले दोनों के बीच एक मैच 2009 में खेला गया था, तब पाकिस्तान को 39 रन से जीत मिली थी। डबलिन में शनिवार को खेले गए मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान बाबर आजम ने बनाए। पाकिस्तान के कप्तान ने 39 गेंदों पर अपना 35वां टी-20 अर्धशतक लगाया। बाबर 15वें ओवर में 43 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। सईम आयूब ने 29 गेंदों पर 45 रनों का योगदान दिया। आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग ने 2 विकेट लिए। गैरेथ डेलानी और मार्क अडायर को 1-1 विकेट मिला।



आयरलैंड की शुरुआत भी खराब रही। पॉल स्टर्लिंग 8 और फिर लोर्कन टकर 4 रन बनाकर आउट हो गए। 27 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद एंड्रयू बलबिरनी और हैरी टेकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी हुई। बलबिरनी ने 55 गेंद पर 77 रनों की पारी खेली। उनके अलावा हैरी टेकर 27 गेंद पर 36 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी 2 विकेट झटके। शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और इमाद वसीम को 1-1 विकेट मिला।

आखिरी ओवर में आयरलैंड को 11 रन चाहिए थे। पहले ही गेंद पर अब्बास अफरीदी के खिलाफ कर्टिस कैम्पर ने चौका मारा। तीसरे गेंद पर दो रन और चौथे गेंद पर चौका मारकर उन्होंने मैच बराबर कर दिया।

# महिला कुश्ती में देश के लिए पांचवां ओलंपिक क्वालीफायर पक्का करने में सफल रही

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** निशा दहिया विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में 68 किग्रा सेमीफाइनल में रोमानिया की एलेक्सांद्रा अनघेल को हराने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पांचवीं भारतीय महिला पहलवान बन गई। यह पहली बार होगा जब हर चार साल में होने वाली प्रतियोगिता में भारत की पांच महिला पहलवान शामिल होंगी। निशा ने इससे पहले बेलारूस की युवा अलिना शाउचुक को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। फिर इस 25 साल की पहलवान ने चेक गणराज्य की कई यूरोपीय चैम्पियनशिप पदक विजेता एडेला हानजलिकोवा को 7-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। विश्व अंडर-23 कांस्य पदक विजेता और एशियाई चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता निशा ने 58वीं रैंकिंग की पहलवान के खिलाफ पहले पीरियड में 8-0 की बड़ी बढ़त बना ली थी। अगर वह इसमें जीत जाती हैं तो वह पेरिस कोटा हासिल करने वाली देश की पांचवीं महिला पहलवान बन जायेंगी। मानसी (62 किग्रा) प्री क्वार्टरफाइनल में बेलारूस की प्रतिद्वंद्वी वेरानिका इवानोवा से हार गयीं। हालांकि वह रेपेशाज से कांस्य पदक के दौर में जगह बना सकती हैं और ओलंपिक कोटा जीतने की उम्मीद कर सकती हैं लेकिन इसके लिए वेरानिका को फाइनल में पहुंचना होगा। भारत की चार महिला पहलवानों ने पहले ही ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है जिसमें अंतिम पंघाल, विनेश फोगाट अंशु मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) शामिल हैं।



# नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग में सिल्वर मेडल

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** दोहा डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीत लिया है। वह अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके। उन्होंने 6 राउंड के बाद 88.36 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका, जो उनके आखिरी प्रयास में आया। चेक रिपब्लिक के जैकब वादलेच पहले नंबर पर रहे, उन्होंने तीसरे अटैम्प्ट में 88.38 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका।



दोहा डायमंड लीग कतर के स्पोर्ट्स क्लब में हुई, नीरज ने अपने सीजन की शुरुआत दोहा से ही की। उन्होंने पिछले सीजन दोहा में गोल्ड मेडल जीता था। भारत के अन्य जैवलिन थ्रोअर किशोर जेना 10 एथलीट्स में 9वें नंबर पर रहे। उन्होंने अपने तीसरे अटैम्प्ट में 76.31 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका। नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो फाउल रहा था। उन्होंने दूसरे अटैम्प्ट में 84.93, तीसरे अटैम्प्ट में 86.24, चौथे अटैम्प्ट में 86.18, पांचवें अटैम्प्ट में 82.28 और आखिरी अटैम्प्ट में 88.36 मीटर लम्बा थ्रो फेंका।

गोल्ड मेडल जीतने वाले जैकब का पांचवां और छठा अटैम्प्ट फाउल रहा था। उन्होंने पहले अटैम्प्ट में 85.87, दूसरे अटैम्प्ट में 86.93, तीसरे अटैम्प्ट में 88.38 और चौथे अटैम्प्ट में 84.04 मीटर लम्बा थ्रो फेंका। उन्होंने तीसरे अटैम्प्ट में बेस्ट थ्रो फेंका, जो नीरज के बेस्ट थ्रो से बेहतर साबित हुआ। ग्रेनेडा के पीटर्स एंडरसन तीसरे, फिनलैंड के हेलैंडर ओलिवर चौथे और मोल्डोवा के मारडेयर एंड्रियन पांचवें नंबर पर रहे। एंडरसन का बेस्ट थ्रो 86.62, ओलिवर का 83.99 और एंड्रियन का 81.33 मीटर का रहा। भारत के किशोर जेना 3 अटैम्प्ट के बाद 9वें ही नंबर पर रह सके, जिस कारण उन्हें आखिरी 3 अटैम्प्ट नहीं मिले। जेना ने पहले अटैम्प्ट में 75.72 और तीसरे अटैम्प्ट में 76.31 मीटर लम्बा थ्रो फेंका। उनका दूसरा अटैम्प्ट फाउल रहा था। 10वें नंबर पर अमेरिका के थॉम्पसन कर्टिस रहे।

नीरज ने अपने 2023 सीजन की शुरुआत भी दोहा में की थी। पिछले साल इसी इवेंट में चोपड़ा ने 88.67 मीटर की दूरी के साथ गोल्ड हासिल किया था। वहीं, दूसरे नंबर पर चेक रिपब्लिक ने जैकब रहे थे। उन्होंने महज 0.04 मीटर से टॉप रैंक खो दी थी। हालांकि, जैकब ने 2023 में यूजीन में आयोजित फाइनल में नीरज को हराकर डायमंड लीग का ताज जीता था। जैकब ने इस बार दोहा में भी नीरज को हराया। नीरज चोपड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 90 मीटर के थ्रो पर बातचीत करते हुए कहा, पिछले साल मैंने कहा था कि मैं 90 फेंकूंगा। इस साल, मैं कहना नहीं चाहता, मैं दिखाना चाहता हूं। नीरज आगे बोले, लोग मुझसे यह सवाल 2018 से पूछ रहे हैं जब मैंने एशियाई गेम्स में 88.06 थ्रो किया था। लेकिन, उसके बाद बहुत सी चीजें हुईं, मेरी कोहनी की चोट, सर्जरी और अब मैं 88 और 90 मीटर के बीच फंस गया हूं। नीरज एक साथ ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप दोनों का गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने थे। उन्होंने 2021 में हुए टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीता था।

भारत ओलिंपिक में साल 1900 से शिरकत कर रहा है, लेकिन ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में नीरज से पहले किसी भारतीय ने गोल्ड छोड़िए किसी भी कलर का मेडल नहीं जीता था।



# अमित शाह का दावा, तीन चरणों में 200 सीटों के करीब पहुंच गया है एनडीए

एजेंसी



**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 3 चरणों में एनडीए 200 सीटों के करीब पहुंच गई है। चौथा चरण एनडीए के लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। इस चरण में हमें अधिकतम सफलता मिलेगी और हम 400 पार के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि एनडीए और बीजेपी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों में परचम लहराने जा रहे हैं। मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि 4 जून को जब नतीजे आएंगे तो दक्षिण भारत में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बीजेपी होगी। तेलंगाना में हमें 10 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही हैं। शाह ने कहा कि कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इन राज्यों में बीजेपी को सबसे ज्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को मोदी ने कुशलतापूर्वक संभाला है। हम भाग्यशाली हैं कि हमें मोदी जी जैसा नेता मिला। वहीं, राहुल यान 20 बार असफल लॉन्च हो चुका है और 21वीं बार उसे लॉन्च करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तेलंगाना राज्य का गठन हुआ, तो यह राजस्व अधिशेष था। हालांकि, आज यह भारी कर्ज में डूबा हुआ है। बीआरएस और कांग्रेस की सरकार ने तेलंगाना के विकास को पटरी से उतार दिया है। पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने तेलंगाना के विकास के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं और वे गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। परिवारवाद, भ्रष्टाचार कुशासन और तुष्टीकरण ये चार बुराइयां हैं जिनसे तेलंगाना के लोगों को बहुत परेशानी हुई है। मुझे यकीन है कि इस बार, तेलंगाना के लोग हमें राज्य से रिकॉर्ड संख्या में सांसद देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम बेल सिर्फ और सिर्फ चुनाव प्रचार के लिए दिया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सामने केस दायर किया था कि मेरी गिरफ्तारी गलत है, जिसको सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। फिर मोडिफाई किया कि मुझे बेल दिया जाए, वो भी सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। शाह ने कहा कि सिर्फ और सिर्फ चुनाव प्रचार करने के लिए एक तारीख तक का बेल मिला है, 2 तारीख को फिर उन्हें सरेंडर करना है। अगर अरविंद केजरीवाल इसको क्लीनचिट मानते हैं तो उनकी कानून की समझ बहुत ही निर्बल है।

## पंजाब सरकार ने स्वीकार किया आईएएस परमपाल कौर का इस्तीफा

**चंडीगढ़, 11 मई (नवसत्ता)।** पंजाब सरकार ने आईएएस परमपाल कौर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उन्होंने भाजपा ने बठिंडा से अपना उम्मीदवार बनाया है। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता सिकंदर सिंह मलूका की बहू भाजपा प्रत्याशी एवं आईएएस परमपाल कौर मलूका ने स्वैच्छिक सेवामुक्ति के लिए वॉलंटियर रिटायरमेंट प्रक्रिया को अपनाया था। परमपाल ने वीआरएस की प्रक्रिया इसलिए अपनाई थी ताकि उनको नौकरी छोड़ने के बाद वे सभी लाभ मिल सकें, जो किसी भी आईएएस अधिकारी को उसका कार्यकाल समय पूरा होने के बाद रिटायरमेंट पर मिलते हैं। इसके बाद परमपाल कौर दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गई थीं, जिसके बाद पार्टी ने उन्हें बठिंडा से प्रत्याशी घोषित कर दिया था।

# मल्लिकार्जुन खड़गे का दावा, पीएम मोदी के लिए सरकार बनाना बेहद मुश्किल

एजेंसी



**पटना, 11 मई (नवसत्ता)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण से पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा और बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई को लेकर लोग केंद्र सरकार से निराश हैं। बिहार के पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं कल तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहा था और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मोदी के लिए सरकार बनाना बेहद मुश्किल है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, एक तरफ मेरी जनसभा थी और दूसरी तरफ तेलंगाना में उनकी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) की जनसभा थी। उन्हें देखने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह जिस घमंड और गर्व के साथ बात करते हैं, वह गायब है। खड़गे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए यह भी दावा किया कि जनता सरकार से नाराज है और कहा, केंद्र सरकार के खिलाफ जनता में भारी गुस्सा है। ये गुस्सा बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई को लेकर है. बेरोजगारी और महंगाई के बोझ तले लोग टिक नहीं पा रहे हैं।

एक दिन पहले, मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सरकार पर देश में गरीब लोगों के अधिकारों और हितों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया था और कहा था कि कांग्रेस असंगठित क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से श्रम कानूनों को मजबूत करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, खड़गे ने पार्टी के चुनावी वादों पर प्रकाश डाला और कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण भी प्रदान करेगी। हम युवाओं को अप्रेंटिसशिप की गारंटी दे रहे हैं। हम सरकार में खाली पड़े 30 लाख पद भी युवाओं को देंगे सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे...असंगठित श्रमिकों के लिए श्रम कानूनों को मजबूत करने का काम करेंगे।

# हिंदू भाई-बहन बीजेपी और शिंदे गुट को दें वोटः राज ठाकरे

एजेंसी



**महाराष्ट्र, 11 मई (नवसत्ता)।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान महाराष्ट्र नवनिरमाण सेना पार्टी के चीफ राज ठाकरे ने पुणे में रैली के दौरान कहा कि मुस्लिम मस्जिदों से कांग्रेस और उद्धव गुट की शिवसेना को वोट देने के लिए फतवा निकाल रहे हैं। जिसके आगे उन्होंने कहा कि अगर मुस्लिम ऐसे वोट दे रहे हैं तो मैं यहां से फतवा निकाल कर कह रहा हुं की सभी लोग बीजेपी शिवसेना शिंदे ग्रुप और अजित पवार के उम्मीदवार को वोट करें। उनकी टिप्पणी पुणे में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हए सामने आई जहां वो भाजपा उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल के लिए प्रचार कर रहे थें। बता दें, राज ठाकरे की पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रही है लेकिन राज्य में बीजेपी- शिंदे गुट के गठबंधन को समर्थन दे रही है।

राज ठाकरे ने कहा कि आज कई मौलाना मस्जिदों से फतवे जारी करके ये कह रहे है कि कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वोट करें। शिवसेना उद्धव ठाकरे के उम्मीदवारों के लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि मुस्लिम मूर्ख नहीं है। समझदार है इन्हें पता है कि इनको किसको वोट करना है। ठाकरे ने आगे कहा कि चुनाव के दौरान, फतवे जारी किए जा रहे हैं कि कांग्रेस और उद्धव ठाकरे को वोट दें। अगर ये मौलवी मस्जिदों से 'फतवा' जारी कर रहे हैं कि उन्हें वोट दें, तो राज ठाकरे आज 'फतवा' जारी कर रहे हैं, मेरे सभी हिंदू भाइयों, बहनों और माताओं मुरलीधर मोहोल या भाजपा, शिंदे सेना और अजीत पवार के उम्मीदवारों के लिए उत्साहपूर्वक वोट करें।

मुस्लिम समुदाय से कथित वोट देने को लेकर फतवा जारी करते हुए कहा कि ऐसे कई मुसलमान हैं जो बुद्धिमान हैं, जिनके पास दिमाग है, वे उनके (मौलानाओं के) रास्ते पर नहीं चलेंगे।

# यूपी में अब कौन सी चाल चलने जा रही बीजेपी?

संवाददाता



**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)।** मध्य प्रदेश में ठाकुरों का विरोध देख चुकी बीजेपी अब किसी तरह के रिस्क लेने के मूड में नहीं है। तीन चरणों के चुनाव के बाद बीजेपी ने अचानक अपनी स्ट्रेटजी में बड़ा बदलाव किया है। इसकी शुरुआत कौशांबी में होने वाली बीजेपी के मुख्य रणनीतिकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह की सभा से होने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस सभा में प्रतापगढ़ से राजा भैया अमित शाह के साथ मंच पर होंगे तो जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी भी अमित शाह के सुर में सुर मिलाती नजर आएंगी। इन दोनों दिग्गज ठाकुर नेताओं के अमित शाह के मंच पर होने का संदेश पूरे उत्तर प्रदेश में तो जाएगा ही, इसका असर देश के अन्य ठाकुर बाहुल्य सीटों पर भी पड़ने की संभावना है। खासतौर पर उत्तर प्रदेश की कौशाम्बी और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट मुख्य फोकस है। इन दोनों लोकसभा क्षेत्रों में ठाकुरों की तादात काफी ज्यादा है। बीजेपी किसी भी हाल में इन्हीं अपने पक्ष में करने की तैयारी में जुट गई है। इसी लक्ष्य को देखते हुए 12 मई को गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम यहां रखा गया है।

विनोद सोनकर के विरोधी रहे हैं राजा भैया वैसे तो अमित शाह कौशांबी से भाजपा के प्रत्याशी विनोद सोनकर का प्रचार करने आ रहे हैं। वह बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के हीरागंज नगर पंचायत स्थित सिद्धपीठ मां नायर देवी धाम में जनसभा को संबोधित करेंगे। चूंकि अब तक राजा भैया बीजेपी उम्मीदवार विनोद सोनकर का विरोध कर रहे थे, लेकिन पिछले सप्ताह बेंगलुरु में राजा भैया और अमित शाह की मुलाकात के बाद स्थिति काफी बदल गई है। लोगों के मन में अब ये सवाल है कि क्या इस जनसभा के दौरान राजा भैया विनोद सोनकर के समर्थन में कुछ कहेंगे या सिर्फ प्रमुख विपक्षी दल पर ही हमला करेंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक चुनाव मैदान में नहीं उतरी है। विनोद सोनकर और जनसत्ता दल के नेताओं में हमेशा ही वाद-विवाद की स्थिति बनी रहती है। हाल ही में अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने विनोद सोनकर के खिलाफ बयान भी दिया था। बीजेपी के लिए यह जनसभा ठाकुर वोट बैंक के हिसाब से काफी जरूरी मानी जा रही है। क्योंकि बीजेपी जानती है कि कौशाम्बी और प्रतापगढ़ दोनों सीटों पर राजा भैया की पकड़ काफी मजबूत है।

इसके साथ ही राजा भैया के साथ मंच साझा करने से कौशाम्बी के साथ साथ प्रतापगढ़ के लोग भी बीजेपी की तरफ रुख कर सकते हैं। इस जनसभा में अमित शाह और राजा भैया के बीच नया राजनीतिक समीकरण देखने को मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक, इस बात का भी संकेत मिल रहा है कि यूपी में जून के बाद राजा भैया योगी मंत्रिमंडल का हिस्सा बन सकते हैं। कौशाम्बी और प्रतापगढ़ दोनों सीटों पर पकड़ बनाने के लिए बीजेपी की नई रणनीति अपनाई है, जिसमें ठाकुर नेताओं को बीजेपी अपने मंच पर ला सकती है।

जानकारी के अनुसार, 10 मई को दिल्ली में दूसरे ठाकुर नेता धनंजय सिंह ने भी अमित शाह से मुलाकात की, यह मुलाकात लगभग 45 मिनट तक चली। दोनों नेताओं की हुई मुलाकात से अंदाजा लगाया जा रहा है कि बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला भी अमित शाह के साथ 14 या 15 मई को मंच पर दिखाई दे सकती हैं।

# मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री एक ही सिक्के के दो पहलूः जयराम रमेश

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) पर मिलीभगत का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव-प्रचार अभियान के लिए ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह शनिवार को ओडिशा में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे।

भाजपा और बीजद पर निशाना साधते हुए रमेश ने कहा कि ओडिशा सरकार ने संसद में कई मौकों पर मोदी सरकार को बचाया है। कांग्रेस महासचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, न-वीन और न-रेंद्र एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रधानमंत्री अपनी पार्टी और बीजद के बीच संबंध के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं? उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में भाजपा और बीजद के बीच सीट बंटवारे की बातचीत से वही सामने आया जिसका पहले से अंदेशा था। रमेश ने कहा, आधिकारिक तौर पर विपक्ष में होने का दावा करने के बावजूद दोनों पार्टियां एक-दूसरे से मिली हुई हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, बीजद के सांसदों ने पिछले 10 वर्षों में लोकसभा और राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव सहित हर विवादास्पद बीजद ने भाजपा नेता अश्विनी वैष्णव को राज्यसभा का सदस्य बनाने के लिए भी समर्थन दिया जिनके पास निर्वाचित होने के लिए पर्याप्त भाजपा विधायकों की संख्या नहीं थी।'' उन्होंने कहा, '' बदले में मोदी सरकार ने बीजद को ईडी-सीबीआई की पूछताछ और छापों से बचा रखा है, जो आम तौर पर विपक्षी दलों के साथ होता है। साथ ही राजभवन द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाता है। क्या प्रधानमंत्री बीजद के साथ अपनी पार्टी के जुड़ाव को स्पष्ट करेंगे? यह शादी है या साझेदारी?'' उन्होंने कहा,'' क्या प्रधानमंत्री अपनी पार्टी को विपक्ष में बिठाकर और सत्तारूढ़ बीजद के साथ मिलकर राज्य के लोगों को गुमराह करने के लिए माफ़ी मांगेंगे।

# मायावती ने मुसलमानों पर खेला बड़ा दांव, उत्तर प्रदेश में उतारे 20 दावेदार




संवाददाता

**लखनऊ, 11 मई (नवसत्ता)।** उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनावों में अल्पसंख्यकों को कुल सीटों में से 25 प्रतिशत सीटें आवंटित करके, बहुजन समाज पार्टी ने राज्य में अपने पुनरुद्धार के लिए दलित-मुस्लिम संयोजन पर अपना दांव लगाया है जो संसद के निचले सदन में सबसे अधिक संख्या में सांसद भेजता है। गुरुवार को कुशीनगर और देवरिया में उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही बसपा ने राज्य की 80 में से 79 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिये हैं। नामांकन पत्र में त्रुटि के कारण बरेली में पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन रद्द कर दिया गया।

अपनी उम्मीदवार सूची के सामाजिक विभाजन के संदर्भ में, बसपा ने आरक्षित सीटों पर 20 अल्पसंख्यकों, 23 ओबीसी, 18 उच्च जाति और 17 दलितों को मैदान में उतारा है। पार्टी समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट आधार तक पहुंचने के लिए दृढ़ प्रयास करना चाहती है, खासकर उन सीटों पर जहां 20 प्रतिशत या अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। यह मुसलमानों और यादवों के बीच पारंपरिक जलग्रहण क्षेत्र के बाहर अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कम संख्या में मुसलमानों और यादवों को मैदान में उतारने की सपा की रणनीति के बिल्कुल विपरीत है। इस लोकसभा चुनाव में बसपा द्वारा अल्पसंख्यकों को दिए गए 20 टिकटों की तुलना में अखिलेश यादव ने केवल 4 मुस्लिम उम्मीदवारों को उम्मीदवार बनाया है।

एसपी ने 5 यादव उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जिनमें अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल भी शामिल हैं, जो पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव के तत्काल परिवार से हैं। यह मुसलमानों और यादवों के बीच पारंपरिक जलग्रहण क्षेत्र के बाहर अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कम संख्या में मुसलमानों और यादवों को मैदान में उतारने की सपा की रणनीति के बिल्कुल विपरीत है। इस लोकसभा चुनाव में बसपा द्वारा अल्पसंख्यकों को दिए गए 20 टिकटों की तुलना में अखिलेश यादव ने केवल 4 मुस्लिम उम्मीदवारों को उम्मीदवार बनाया है। एसपी ने 5 यादव उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जिनमें अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल भी शामिल हैं, जो पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव के तत्काल परिवार से हैं।

दिलचस्प बात यह है कि बसपा ने लगभग एक दर्जन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार बदल दिए। जौनपुर लोकसभा सीट पर, पार्टी ने नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से ठीक एक दिन पहले पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह की जगह मौजूदा सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट दिया है। मौजूदा चुनावों में मायावती की लापरवाही सिर्फ उम्मीदवारों के चयन तक ही सीमित नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, पार्टी सुप्रीमो ने अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी के पद से हटा दिया।

यूपी की राजनीति में बीएसपी की ताकत अपने प्रतीक पर चुनाव लड़ने वाले किसी भी समुदाय के उम्मीदवारों को मुख्य दलित वोट हस्तांतरित करने की क्षमता रही है। 2004 के लोकसभा चुनावों में, मायावती समुदाय के स्थानीय ताकतवर लोगों को मैदान में उतारकर यूपी से मुलायम सिंह जितने यादव सांसदों को संसद में भेजने में सफल रहीं। हालांकि, पिछले दशक में, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी का ग्राफ गिरने से यह क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।

# झारखंड में चुनावी सभा के दौरान टूटा मंच



एजेंसी

**रांची, 11 मई (नवसत्ता)।** झारखण्ड में चुनाव सभा के दौरान एकएका मंच टूट गया। जिस वक्त मंच टूटा उस वक्त पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू भाषण दे रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन को भी उसी मंच से भाषण देना था, लेकिन वो उस वक्त मंच पर मौजूद नहीं थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

झारखंड के साहिबगंज जिला में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब राज महल के वर्तमान सांसद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी विजय हांसदा के नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित करने के लिए बनाया गया मंच टूट गया। हालांकि मंच पर मौजूद किसी भी नेता को चोट नहीं आई। दरअसल साहिबगंज के रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट के कैंपस में राजमहल लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा के नामंकन के बाद एक जनसभा आयोजित की गई थी, जिसके चलते ही यह हादसा हुआ। घटना के वक्त मंच पर राज्य के पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू का संबोधन चल रहा था, राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे कार्यकर्ता आलमगीर आलम जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे इसी बीच मंच अचानक टूट कर एक तरफ झुकने लगा, जिसके बाद थोड़ी देर के लिए वहां अफरा तफरी मच गई। मंच टूटने के बाद, सभी नेताओं ने खुले में ही बैठ कर जनता को संबोधित किया।

राजमहल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी उसी मंच पर पहुंचने वाले थे लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही पहले ही यह घटना घट गई। मंच टूटने की घटना के वक्त मंच पर गोड्डा लोकसभा के प्रत्याशी और पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव, झामुमा विधायक दिनेश विलियम मरांडी राजमहल के वर्तमान सांसद और प्रत्याशी विजय हांसदा, राज्य के पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, विधायक स्टीफन मरांडी समेत इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे।

# शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा भारत : पुष्कर सिंह धामी

संवाददाता



**जौनपुर , 11 मई (नवसत्ता)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, यह देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देन है । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के बदलापुर विकास विधानसभा में स्थित सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज के मैदान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की विश्व पटल पर हर जगह उसकी पूछ हो रही है और हर देश किसी भी आपदा विपदा में अगर किसी की तरफ आस लगाता है तो वह भारत है। उन्होंने कहा कि तमाम ऐसी विदेशी शक्तियां हैं जो भारत को सिरमौर बने नहीं देखना चाहती हैं, वह जातिवाद और धर्मवाद के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही है, ऐसी तमाम विपक्षी पार्टियों जो भारत को आगे नहीं बढ़ने देना चाहती हैं, जातिवाद ,धर्मवाद क्षेत्रवाद व विभिन्न वर्ग वाद के रूप में देश को बांटने का काम कर रही है, इसलिए तमाम पार्टियों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी को रोकने के लिए तमाम तरह के प्रयास किया जा रहे हैं विपक्षी पार्टियों और देश द्रोही लोग मिलकर मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले का भारत दब्बू भारत, पिछलग्गू भारत और दुनिया के मंच पर अपनी बात न करने न कर पाने वाला भारत हुआ करता था, लेकिन 2014 के बाद जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली तब से भारत विश्व शिखर पर पहुंच रहा है, आज युवा उनके कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है, क्योंकि आज भारत में तमाम ऐसी टेक्नोलॉजी विकसित की है, जो युवाओं को हर क्षेत्र में आगे ले जा रही है। उन्होने कहा कि भारत ने सौ घण्टे के अंदर सौ किलोमीटर सड़क बनाने का विश्व रिकार्ड भी अपने नाम किया है यही नहीं विश्व में जितने हवाई अड्डे बने है उससे कहीं ज्यादा मोदी सरकार ने दस वर्षों में देश के अंदर हवाई अड्डे बनाने का काम किया है। श्री धामी ने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर में जहां 370 समाप्त करने का काम किया है, वहीं अयोध्या में भव्य श्रीराम का मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर व विंध्याचल कॉरिडोर का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश में चल रहा लोकसभा का चुनाव महज सांसद चुनने का चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव देश का भावी भविष्य चुनने का चुनाव है। आज देश के अंदर विपक्षी पार्टियां लोगों को जाति,धर्म के नाम पर बांटने तथा अपनी जान बचाने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। श्री धामी ने कहा कि आज जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के (भाजपा) प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में मतदान करने के लिए आप लोगों के बीच में आया हूँ। आगामी 25 मई को आप लोग कमल के फूल की बटन दबाकर कृपाशंकर सिंह को ही नहीं देश मे मजबूत सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सपा,बसपा,कांग्रेस पर जमकर हमला बोला कहा कि ये पार्टियां चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि इनके नेता अपनी जान बचाने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। इन लोगों ने परिवार वाद, भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का काम किया है।

# राष्ट्र हित के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ानें में समाज के जागरूक आगे आएं: श्रीप्रकाश

संवाददाता




**सुलतानपुर, 11 मई (नवसत्ता)।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश ने कहा कि समाज में जहां-जहां अज्ञानता एवं उदासीनता है वहां हमारी भूमिका उदासीनता दूर करने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का शुभारंभ हो चुका है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत को और सशक्त बनाने में हमारी भूमिका क्या होगी यह हमें तय करना होगा। समाज के जागरूक नागरिक होने के नाते हमारी भूमिका हमें अनिवार्य रूप से निश्चित करनी होगी व कहा कि हमारी भूमिका समाज को जगाने की रही है। संघ प्रचारक श्रीप्रकाश ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उदासीन लोग यह सोचते हैं कि यह चुनाव राजनीतिक दलों के लिए है और हमारा कार्य नौकरी करना परिवार चलाना है लेकिन ऐसा नहीं आपको एक जागरूक भारतीय नागरिक भी बनना होगा। उन्होंने युवा मतदाताओं का मतदान प्रतिशत कम होने पर चिंता भी जताया व कहा कि वे मतदाता तो बन गए हैं पर मतदान नहीं करते। हमें जाति धर्म, वर्ग, देख मतदान नहीं करना चाहिए बल्कि समाज के आम नागरिकों को देश के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। इस चुनाव में अब हम मतदाता तो नहीं बना सकते पर जो मतदाता हैं उन्हें बूथ तक अवश्य ले जाएं। मतदान से समाज, संस्कृति, देश कैसे सुरक्षित होगी यह ध्यान में रखकर करना चाहिए। समाज मे लोगों से संवाद कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लें। क्षत्रिय एजुकेशनल एशोसिएशन अध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है हम सबको अपनी आहुति इस चुनाव रूपी यज्ञशाला में डालनी है तथा मतदान हेतु जागरूक करने का दायित्व हम सबके ऊपर है। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मदद का आग्रह भी किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी के त्रिपाठी ने कहा लोकतंत्र के पर्व में भारतीय नागरिक को मतदान हेतु जागरूक किया जाना चाहिए। हर एक नागरिक की भूमिका राष्ट्र निर्माण की है, यह तभी होगा जब मतदान में हिस्सा लेंगे। सरकार 60प्रतिशत लोग बनाते हैं 40प्रतिशत लोग जो मत नहीं देते सरकार को कोसते हैं। उन्होंने स्थानीय मुद्दों को केंद्रीय सरकार को चुनने में हावी न होने देने पर बल दिया तथा सभी से कहा कि यदि देश में 90प्रतिशत लोग मतदान करें तो सर्वमान्य सरकार बनेगी। मतदान से सशक्त सरकार सशक्त देश बनेगा। माता-पिता से अधिक प्रभाव गुरु का होता है हरेक अध्यापक का यह दायित्व है कि वह अपने विद्यार्थियों को जो मतदाता हैं मत देने के लिए प्रेरित करें। इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक आशीष, महाविद्यालय प्रबंधक बालचंद सिंह एडवोकेट, महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज प्रबंधक प्रोफेसर विनोद सिंह, धनंजय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल प्रबंधक रमेश सिंह टिन्नू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एमजीएस इंटरमीडिएट कॉलेज प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने किया जहां महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज, धनञ्जय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल के शिक्षकगण, कर्मचारीगण, एबीवीपी के सुलतानपुर अमेठी विभाग प्रमुख डा. संतोष अंश आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार

संवाददाता



**मिर्जापुर, 11 मई (नवसत्ता)।** आगामी लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को जारी दिशा निर्देश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना अदलहाट, चुनार व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को शुक्रवार को जरिए मुखबिर अपाचे मोटरसाइकिल सवार टप्पेबाजों के थाना क्षेत्र में होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग की जा रही थी कि इसी दौरान ग्राम फरीदपुर-महुवारी के बीच नहर के पास संदिग्ध अपाचे मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तों द्वारा, पुलिस द्वारा की जा रही सघन चेकिंग को देख गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। जिसपर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में अपाचे सवार एक अभियुक्त अरविन्द कुमार नट पुत्र प्रताप नट निवासी झक्कड़पुर थाना पत्थरगांव जनपद जशपुर छत्तीसगढ़ के दांहिने पैर में गोली लगी है जबकि अपाचे सवार अन्य दो साथी भागने में सफल रहे। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा सम्भावित स्थानों पर दबिश एवं सघन चेकिंग करायी जा रही है। पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त अरविन्द कुमार नट उपरोक्त को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार भिजवाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के उपरान्त मण्डलीय चिकित्सालय मिर्जापुर रेफर किया गया है। जहां चिकित्सकों द्वारा स्थिति सामान्य बतायी गयी। पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्त अरविन्द कुमार नट उपरोक्त के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा व एक अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया है। उक्त पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ग्राम प्रधान व सचिव के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




संवाददाता

**हलिया-मिर्जापुर, 11 मई (नवसत्ता)।** क्षेत्र के देवघटा पाण्डेय ग्राम पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने ग्राम प्रधान छोटे लाल कोल व सचिव कौशलेंद्र राय के नेतृत्व में शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु जागरूक किया।

इस दौरान शिक्षकों संग स्कूली बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान आदि नारे लगाकर ग्रामीणों को मतदान हेतु जागरूक किया। ग्राम प्रधान छोटे लाल व सचिव कौशलेन्द्र राय ने ग्रामीणों से किसी भी प्रलोभन व भय के बिना सभी लोगों को मतदान करते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का सुझाव दिया ताकि देश में मजबूत और अच्छी सरकार बने।रैली में प्रधाना ध्यापक कुलदीप कुमार, सहायक अध्यापक आशीष कुमार, मनोज कुमार राव, निखिल कोहली, अनुराग राठौर व साधुराम राम नगीना, संतोष कुमार दुबे और सफाई कर्मी, बच्चे, दाई, आंगनबाड़ी इत्यादि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे, सभी को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

# घबराने की आवश्यकता नहीं है बहुत जल्द उनके बच्चे सामान्य जिंदगी जीने लगेंगे : डीएम

संवाददाता



**जौनपुर, 11 मई (नवसत्ता)।** जिलाधिकारी /अध्यक्ष रेडक्रास सोसाइटी रविंद्र कुमार मांदड़ द्वारा जनपद में शुरू की गई मिशन समर्थ के तहत दिव्यांग बच्चों की करेक्टिव सर्जरी का अभियान तीव्रता से चलाया जा रहा है। आज जनपद मे दिव्यांग बच्ची रूही यादव बरसठी ,ट्विंकल रामपुर, अंजलि रामनगर, आकाश पटेल बरसठी,हनीष गौतम बरसठी का निःशुल्क ऑपरेशन एसआर एस हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ0 अभय सिंह द्वारा किया गया था। पांच दिव्यांग बच्चो की सफलतापूर्वक शनिवार को सर्जरी हुई जिनको आज डिस्चार्ज किया गया।अब तक जनपद के 10 गरीब बच्चों की करेक्टिव सर्जरी हो चुकी है। जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़, और रेडक्रास टीम द्वारा अस्पताल में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई और उन्हें बुके, चॉकलेट और फल भी दिया गया। जिलाधिकारी ने उनके अभिभावकों से कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं है बहुत जल्द उनके बच्चे सामान्य जिंदगी जीने लगेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 03 से 10 वर्ष तक के बच्चों जो पैरों अथवा हाथों से विकलांग है उनकी करेक्टिव सर्जरी का अभियान चल रहा है। इस कार्यक्रम में जनपद रेड क्रॉस सोसाइटी, बाल विकास विभाग,स्वास्थ्य विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव रेडक्रास डॉ मनोज वत्स,जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.बी. सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी दीपक चौबे,प्रकांत दुबे,हर्ष सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी समाज व राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दें: प्रो निशा सिंह

संवाददाता



**सुलतानपुर, 11 मई (नवसत्ता)।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज अंग्रेजी विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया व कार्यक्रम की शुरुआत कोमल कन्नौजिया एवं प्रतिमा मिश्रा ने सरस्वती वंदना के साथ किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य प्रो एम पी सिंह बिसेन अग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो निशा सिंह मैडम ज्योति सक्सेना, डा. संतोष अंश का स्वागत विद्यार्थियों ने बैज लगाकर बुके और स्मृति चिन्ह देकर किया। स्वागत गीत बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा सृष्टि सिंह ने किया। बी ए तृतीय वर्ष छात्र दीपांशु मौर्य ने कविता के माध्यम से अपने 3 वर्ष के अनुभव को साझा किया तथा बी ए तृतीय वर्ष के छात्र संतोष कुमार ने विदाई गीत गया।

उक्त अवसर पर बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेया मिश्रा और अदिति वर्मा द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया तथा बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल कनौजिया ने एकल गीत तुमसे नाराज नही जिंदगी प्रस्तुत किया।

बी ए तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के बीच म्यूजिकल चेयर और कैटवॉक करवाया गया जिसमें विद्यालय के तीन छात्र व छात्राओं को चुना गया जिसमें से एक को माइंड बेस प्रतियोगिता के माध्यम से मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल चुना गया। मिस्टर फेयरवेल अभिनव कुमार मिश्र बने। मिस फेयरवेल रिया वर्मा को चुना गया। प्रो एम पी सिंह बिसेन अपने आशीर्वाद उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य पर ध्यान लगाकर उसे प्राप्त करें।

## कारोबार

# खाने-पीने से लेकर दवाएं तक हो सकती है महंगी

एजेंसी



**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** वेस्ट एशिया में चल रहे जियो पॉलिटिकल टेंशन और ईरान में मचे बवाल की मार केसर पर पड़ी है। भारत में रिटेल में केसर के दाम 4.95 लाख रुपए किलो तक पहुंच गया है। दरअसल ईरान पूरी दुनिया को केसर सप्लाई करता है। भारत में भी केसर ईरान से ही आता है। वेस्ट एशिया में चल रहे टेंशन की वजह से केसर की सप्लाई ठप हो गई है, सप्लाई न होने की वजह से भारत में केसर 20 से 27 फीसदी तक महंगा हो गया है। जम्मू कश्मीर के कारोबारियों के मुताबिक जम्मू कश्मीर के ईलाकों में केसर की कीमतों में एक महीने के अंदर 27 फीसदी तक की तेजी आ गई है। बेस्ट क्वालिटी का केसर जो पहले 3.5 से 3.6 लाख रुपए किलो मिलता था वो अब बढ़कर 4.95 लाख रुपए तक पहुंच गया है। इसी तरह होलसेल केसर जो जम्मू कश्मीर में पहले 2.8 से 3 लाख रुपए किलो बिकता था वो अब बढ़कर 3.62 लाख के करीब पहुंच चुका है। दरअसल ईरान हर साल करीब 430 टन केसर का उत्पादन करता है। जो दुनिया के कुल उत्पादन का 90 फीसदी होता है। माना जा रहा है केसर के महंगे होने के चलते खाने-पीने की चीजें, कॉस्मैटिक आइटम्स यहा तक दवाएं भी महंगी हो सकती है। इसकी वजह यह है कि इन सभी चीजों में केसर के फ्लेवर का इस्तेमाल किया जाता है। भारत हर साल करीब 55 से 60 टन केसर का इंपोर्ट ईरान से करता है। जियो पॉलिटिकल टेंशन की वजह से यह सप्लाई रुक गई है। लिहाजा भारत में केसर का सकंट हो गया है। जिसकी वजह से कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी देखने की मिल रही है। वहीं भारत में घटते केसर के उत्पादन ने मुश्किलें और बढ़ा दी है। आकंड़ों के मुताबिक साल 2011 - 12 के दौरान भारत करीब 8 टन केसर का उत्पादन करता था। जो साल 2023- 24 में घटकर केवल 2.6 टन रह गया है।

# गोल्ड दस साल से दे रहा बंपर रिटर्न

एजेंसी

**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** देशभर में अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया गया। इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए सोने की खरीदारी भी जमकर हुई। लोगों के बीच हल्के वजन के गहने या सोने के सिक्कों को खरीदने का ट्रेंड देखा गया। ऐसे में ये जानना जरूरी है कि सोने के दाम अक्षय तृतीया के अगले दिन कहां पहुंच गए हैं? लखनऊ से लखीमपुर खीरी तक इसका क्या भाव है? वहीं अगर सिर्फ अक्षय तृतीया के आंकड़ों को देखा जाए, तो बीते 10 साल में इस पर लोगों को रिटर्न भी बढ़िया मिला है। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक अक्षय तृतीया से एक दिन पहले 9 मई को 24 कैरेट सोने का भाव 71,502 रुपए प्रति 10 ग्राम था। अगर इसकी तुलना पिछले साल की आखा तीज से की जाए तो तब 22 अप्रैल 2023 को सोने की कीमत 60,616 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इस तरह सालभर में सोने पर लोगों को उनके निवेश का 18प्रतिशत रिटर्न मिला है। अगर अक्षय तृतीया के दिन सोने के भाव को देखें तो इसने हर साल बंपर रिटर्न दिया है। ईटी की एक खबर के मुताबिक साल 2014 में 24 कैरेट गोल्ड का भाव अक्षय तृतीया के दिन 28,871 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 2017 तक करीब-करीब फ्लैट बना रहा है। लेकिन इसके बाद इसने जो छलांग लगानी शुरू की, खासकर के कोविड के बाद, तो इसने पीछे मुड़ने का नाम नहीं लिया। साल 2018 में सोने का भाव 31,598 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया जो 2019 में 31,729 रुपए प्रति 10 ग्राम तक आ गया। इसके बाद 2020 में सोने ने छलांग मारी और इसका प्राइस 46,527 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। फिर 2021 में ये 47,700 का हुआ, 2022 में 50,800 का और 2023 में सोने का भाव 60,616 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया।

# क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनैंस से हटाई जा सकती है पाबंदी

एजेंसी




**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** वैश्विक क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनैंस से सरकार की फाइनैंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) इंडिया जल्द ही प्रतिबंध हटा सकती है। एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। एफआईयू संदेहजनक वित्तीय लेनदेन जैसे धनशोधन और आतंकवाद को धन मुहैया कराने से जुड़े मामलों की जांच करती है। बीते मार्च में एफआईयू-इंडिया ने 34.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के बाद विदेशी क्रिप्टो एक्सचेंज क्यूकॉइन से प्रतिबंध हटाया था। एफआईयू के निदेशक और राजस्व विभाग के अतिरिक्त सचिक विवेक अग्रवाल के अनुसार बाइनैंस के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है और जुर्माने पर फैसला लिया जाना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि एफआईयू के साथ क्रिप्टो एक्सचेंज के पंजीकृत होने के बाद अनुपालन की कार्रवाही पूरी होने पर यह काम कर सकेगा। अग्रवाल के अनुसार क्यूकॉइन और बाइनैंस अब एफआईयू के साथ पंजीकृत हैं। इससे हम लेनदेन पर पूरी नजर रख सकेंगे। इसके साथ ही क्रिप्टो एक्सचेंज की ओर से एसटीआर (संदेहजनक लेनदेन की रिपोर्टिंग) से जुड़ी फाइलिंग शुरू हो जाएगी। भारत में अवैध ढंग से परिचालन करने के आरोप में 28 दिसंबर, 2023 को एफआईयू इंडिया ने 9 विदेशी क्रिप्टो एक्सचेंजो को नोटिस जारी किया था। इन एक्सचेंजों पर भारत के धनशोधन रोकथाम नियमों के उल्लंघन का आरोप था। आगे चलकर एफआईयू ने इलेक्ट्रॉनिक और सूचना तकनीक मंत्रालय से इन एक्सचेंजों का यूआरएल भारत में ब्लॉक करने का अनुरोध किया था।

उस दौरान जिन क्रिप्टो एकसचेंजों को नोटिस जारी किया गया था उनमें बाइनैंस, हुओबी, क्राकेन, गेट डॉट आईओ, क्यूकॉइन, बिटस्टैंप एमईएक्ससी ग्लोबल, बिट्रेक्स और बिटफेनेक्स शामिल थे।

# क्या है 'प्रिया गोल्ड' बिस्किट के नाम का मतलब

एजेंसी



**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** ब्रिटानिया जैसी बड़ी कंपनी के 'गुड डे' बिस्किट ब्रांड को 'बटर बाइट' नाम के बिस्किट से कड़ी टक्कर देने वाले 'प्रिया गोल्ड' के बारे में भला कौन नहीं जानता होगा। लेकिन क्या आपको इसके नाम का मतलब पता है? क्या आप जानते हैं कि इस ब्रांड को शुरू करने के पीछे किसका दिमाग है? चलिए आपके सारे डाउट को दूर कर देते हैं और आपको इससे जुड़ी सारी डिटेल दे देते हैं।

'प्रिया गोल्ड' असल में एक ब्रांड का नाम है, जबकि इस ब्रांड की मालिक कंपनी सूर्या फूड एंड एग्रो लिमिटेड है। इस कंपनी की शुरुआत 1994 में कुकीज बनाने से हुई थी। आज ये ग्रुप केक, कंफेक्शनरी और जूस एवं बेवरेजेस जैसी कैटेगरी में प्रोडक्ट बनाता है।

अक्सर लोगों को लगता होगा कि 'प्रिया गोल्ड' का नाम कंपनी के मालिकों ने अपने किसी बच्चे या जीवनसाथी या माता-पिता के नाम रखा था।

लेकिन हकीकत में ऐसा बिल्कुल नहीं है। 'प्रिया गोल्ड' के मालिकों की इस नाम को रखने के पीछे की सोच काफी रोचक रही है। 'प्रिय' का मतलब होता है सबका पसंदीदा और 'गोल्ड' का मतलब होता है शुद्ध और क्वालिटी में खरा। कंपनी के मालिक अपने प्रोडक्ट्स को इन दोनों कसौटी पर कसना चाहते थे, इसलिए उन्होंने 'प्रिया गोल्ड' ब्रांड नाम को सिलेक्ट किया।

'प्रिया गोल्ड' ब्रांड की शुरुआत के पीछे वल्लभ प्रसाद अग्रवाल और उनके 3 बेटों का दिमाग था। उनके बेटों का नाम मनोज कुमार अग्रवाल, नवीन कुमार अग्रवाल और शेखर अग्रवाल है। वल्लभ प्रसाद अग्रवाल सालों से एक बिस्किट ब्रांड बनाना चाहते थे।

साल 1991 में वह कोलकाता से नोएडा शिफ्ट होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बैंक से 25 लाख रुपए का लोन लेकर वह 'प्रिया गोल्ड' की शुरुआत करते हैं।

# आयशर मोटर्स का चौथी-तिमाही में मुनाफा 18प्रतिशत बढ़कर 1,070 करोड़

एजेंसी




**नई दिल्ली, 11 मई (नवसत्ता)।** रॉयल एनफील्ड बनाने वाली कंपनी आयशर मोटर्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में मुनाफा सालाना आधार पर 18.20प्रतिशत बढ़कर रू1,070 करोड़ रहा। कंपनी ने किसी भी तिमाही में ये अब तक का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है।

एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफा रू906 करोड़ रहा था। आयशर मोटर्स ने आज यानी 11 मई को चौथी तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए हैं। ऑटोमोबाईल कंपनी का वित्त वर्ष 2024 में कॉन्सोलिडेटेड मुनाफा 37.30प्रतिशत बढ़कर रू4,001 करोड़ हो गया है। वित्त वर्ष 2023 में मुनाफा रू2,914 करोड़ रहा था। कंपनी ने किसी पूरे वित्त वर्ष में भी ये अब तक का रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है।

आयशर मोटर्स रू51 प्रति शेयर का डिविडेंड देगी रिजल्ट के साथ ही कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए रू51 के फाइनल डिविडेंड यानी लाभांश का भी ऐलान किया है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। कंपनी ने कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू यानी आय में सालाना आधार पर 11.87प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। 24 की चौथी तिमाही में रेवेन्यू रू4,256 करोड़ रहा। ये कंपनी का लगातार पिछली आठ तिमाही में सबसे ज्यादा रेवेन्यू का रिकॉर्ड भी है। एक साल पहले की समान तिमाही यानी 23 की चौथी तिमाही में रेवेन्यू रू3,804 करोड़ रहा था।

आयशर मोटर्स का पूरे साल (2023-2024) का रेवेन्यू बढ़कर रू16,536 करोड़ पहुंच गया है। ये कंपनी का अब तक का हाईएस्ट रेवेन्यू है।

वित्त वर्ष 2022-2023 में रेवेन्यू रू14,442 करोड़ रहा था। यानी रेवेन्यू में 14.49प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी की रॉयल एनफील्ड की सेल्स ने भी रिकॉर्ड हाई बनाया है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की 2.27 लाख से ज्यादा बाइक्स बिकी हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023 में 2.14 लाख से ज्यादा बाइक्स बिकी थीं।

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कॉन्सोलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि, कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

आयशर मोटर्स की 2 सब्सिडियरी और रॉयल एनफील्ड हैं। वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड वोल्वो ग्रुप और आयशर मोटर्स लिमिटेड का एक जॉइंट वेंचर है। वहीं रॉयल एनफील्ड बाइकें बनाती है। इन सभी के फाइनेंशियल रिपोर्ट को मिलाकर कॉन्सोलिडेटेड कहा जाएगा। रिजल्ट आने के एक दिन पहले शुक्रवार को आयशर मोटर्स का शेयर 2.23प्रतिशत बढ़कर रू4,670 पर बंद हुआ।


इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप भी रू1.27 लाख करोड़ हो गया है। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर 8.55प्रतिशत बढ़ा है। वहीं पिछले छह महीने में इसका शेयर 28.11प्रतिशत बढ़ा है। पिछले एक साल में इसने निवेशकों को 28.78प्रतिशत रिटर्न दिया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक सरिता श्रीवास्तव द्वारा प्रभाष प्रिन्टर्स, गणेश नगर, रामजी पुरम निकट मदर टेरेसा स्कूल पो0 मलिकमऊ आयमा रायबरेली से मुद्रित कराकर 31 बस्तेपुर रामजी पुरम रायबरेली ,उप्र से प्रकाशित
सम्पादक- धीरज श्रीवास्तव - फोन नं-0535-2700090, मो0 नं0- 9415020008 आर0 एन0आई0 नं0 यूपीएचआईएन/2012/46348 'सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रायबरेली न्यायालय होगा। navsatta@gmail.com




# संयुक्त सुरक्षा बल को डीएम-एसपी की ब्रीफिंग

संवाददाता



**कन्नौज, 11 मई (नवसत्ता)।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने संयुक्त सुरक्षा बल के अधिकारों और जवानों को आज मतदान ड्यूटी पर रवाना करने से पहले स्थानीय पुलिस लाईन्स में ब्रीफ किया। शुक्ल ने साफ कहा कि सुरक्षा के साथ मतदाता को मतदेय स्थल तक पहुचने देना सभी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने ऐलान किया कि इस निर्वाचन में सामान्य यातायात नही रोका जाएगा और मतदाता यदि जरूरी हो तो बूथ के बाहर 200 मीटर की परिधि तक निर्विघ्न अपने वाहन से आ जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्विक रेस्पॉन्स टीम किसी भी अनहोनी की दशा में सात मिनट में घटना स्थल पहुंच जाएगी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु तैनात किए गए सुरक्षाबलों को आज ब्रीफिंग की गई। लोकसभा निर्वाचन को सकुशल शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आज पुलिस अधीक्षक कन्नौज, अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस लाइन्स कन्नौज में जिलाधिकारी कन्नौज, शुभ्रांत कुमार शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज व केन्द्रीय पुलिस बल के अधिकारियों की उपस्थिति मे लोकसभा निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण दिनाँक 13.05.2024 को जनपद कन्नौज में होने वाले मतदान के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। एसपी द्वारा बताया गया कि

प्रत्येक थाना क्षेत्र में 10 मोबाइल (जोनल मोबाइल, सेक्टर मोबाइल क्यूआरटी मोबाइल, एक्स्ट्रा मोबाइल लगायी गयी है जो लगातार भ्रमनशील रहेगी। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु अभिसूचना तन्त्र को अतिरिक्त प्रशिक्षण/ब्रीफिंग करके उन्हें निरन्तर क्रियाशील रहकर ऐसी प्रत्येक सूचना को संकलित करके अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु लगाया गया है जिनका मुख्य कर्तव्य होगा कि मतदान के दौरान लोगों के बीच शराब के वितरण, धन के वितरण, असलहों का प्रदर्शन कर किसी मतदाता आदि को डरा-धमका न सकें तथा वोटरों को मतदान से रोकने सम्बन्धी कार्यवाही पर विशेष दृष्टि रखेंगे ऐसी किसी भी सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु सूचना का आदान-प्रदान करायेंगे। सादे वस्त्रों में भी पुलिस कर्मियों/बीट आरक्षियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जो भ्रमणशील रहकर अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखेंगे। मतदान दिवस पर शराब / बीयर की दुकानें पूर्णतः बन्द रहेंगी, संबन्धित थाना प्रभारी निरन्तर इनकी चेकिंग करते रहेंगे। किसी भी दशा में बैध / अवैध शराब की विक्री नही होने दी जायेगी। चुनाव को सकुशल एवं निष्पक्ष कराये जाने के दृष्टिगत गठित एसएसटी, एफएसटी बाहर से आने वाले वाहनों को वीडियोग्राफी कर चेक करंगे।

# चौथे चरण की सबसे हॉट सीट कन्नौज में सपा

संवाददाता

**कन्नौज, 11 मई (नवसत्ता)।** उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के लिए आज शाम 5 बजे प्रचार खत्म हो गया। यहां 13 मई को मतदान होगा। इन सीटों में सबसे ज्यादा हाट सीट कन्नौज है, जहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं। पिछली बार अखिलेश की पत्नी डिंपल भाजपा के सुब्रत पाठक से यहां से चुनाव हार गई थीं। इसीलिए पिछले 3 दिन से अखिलेश कन्नौज में डेरा डाले रहे।

वहीं, कन्नौज से भाजपा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कानपुर देहात में सीएम योगी के सामने ही अखिलेश यादव को गुंडों का सरदार कह दिया। सुब्रत पाठक ने कहा, पिछली बार जिस तरह से डिंपल यादव को हराया था, उसी तरह इस बार आप लोग गुंडों के सरदार अखिलेश यादव को भी हरा देना। प्रचार के आखिरी दिन आज अखिलेश यादव ने औरैया की बिधूना विधानसभा में रोड शो किया। 16 किलोमीटर लंबा रोड शो भगत सिंह चौराहे से शुरू होकर ऐरवा कटरा में खत्म हुआ। यह साढ़े 3 घंटे चला।

अखिलेश ने रोड शो के दौरान कहा- यह चुनाव न केवल हमारे भविष्य, बल्कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य कैसा होगा, उसके लिए भी हो रहा। एक तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। संविधान के भक्षक लोग हैं। दूसरी तरफ हम समाजवादी और इंडिया गठबंधन के लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं। अभी तक लगता था कि हम लोग ही मेहनत कर रहे हैं। लेकिन ये पहला चुनाव है, जिसमें ऐसा लग रहा है कि जनता खुद चुनाव लड़ रही है। मुझे इटावा के मैनपुरी और औरैया के कार्यकर्ता ज्यादा दिखाई दे रहे हैं।

कभी-कभी मैनपुरी के लोग कहते है कि वहां ज्यादा वोटों से जीतेंगे। लेकिन आज देख लिया होगा उन्होंने कि कन्नौज मैनपुरी से आगे जा रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री न इटावा गए न औरैया गए और न कन्नौज गए। वो कन्नौज से कन्नी काटकर सीधे दिल्ली चले गए। ये जो डबल इंजन वाली सरकार है, इनके नेता होर्डिंग से पहले से ही गायब हैं।

अखिलेश ने कहा- ये जो दो खटारा इंजन हैं, एक कन्नौज वाला एक इटावा वाला, इनका सफाया होने जा रहा है। इन्होंने किसी को नहीं छोड़ा, जिसे अपमानित न किया हो। इन्होंने शाक्य समाज के लोग जानते होंगे, उनके समाज को अपमानित करने के लिए भगवान बुद्ध की मूर्ति जो लग गई थी उसे हटा दिया। लोधी समाज का इतिहास रहा है, वीरांगना अवंतीबाई का सम्मान रहा है।

# मिर्जापुर से सपा प्रत्याशी रमेश बिंद के मैदान में उतरने से अनुप्रिया खेमे में मची खलबली

अमरनाथ सेठ

**मिर्जापुर, 11 मई (नवसत्ता)।** जिलेकी सांसद एवं अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के मुकाबले भाजपा छोड़कर सपा में आए सांसद रमेश बिंद द्वारा साइकिल पर सवार होकर लोकसभा पहुंचने की खबर मात्र से सांसद अनुप्रिया के खेमे में खलबली मचा दी है। ज्ञातव्य है कि जिलेकी संसद अनुप्रिया पटेल के 10 वर्षो के कार्यकाल के बावजूद जिलेके हलिया, लालगंज तथा विंध्याचल के तमाम इलाकों में पेयजल की समस्या विगत कई वर्षो से नटवा अंडरपास की समस्या, विंध्याचल में पटेंगरानाला की समस्या के अलावा 10 वर्षो से लगातार शास्त्री पुल की समस्या के चलते जिले का चौपट हुए कारोबार के अलावा अष्टभुजा एवं अहरौरा टोल प्लाजा की समस्याओं के अलावा स्थानीय कार्यकर्ताओं की नाराजगी के चलते भी सांसद महोदया को आगामी चुनावों में जनपद वासियों के आक्रोश का शिकार होना पड़ सकता है। ज्ञातव्य है कि देश विदेश में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान राजनैतिक मंचों पर सांसद महोदया द्वारा भले ही आधुनिकता के लंबे चौड़े डींगे हांकी गई हों किंतु वास्तविकता यही है कि उनके संसदीय क्षेत्र के तमाम इलाकों में आज भी लोग सड़क एवं पेयजल के लिए मोहताज हैं। भला हो तत्कालीन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल का जिन्होंने पचासों साल से दो-दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित पानी के स्रोत (चूआं) का गंदा पनी कंधे पर लाद कर अपने घरों में लाकर इसी से भोजन, स्नान व पीने का काम चलाने वाले ग्रामीणों का दर्द समझते हुए काफी दिनों के भगीरथ प्रयास के बाद काफी ऊंचाई पर स्थित इस गांव में नल से जल लाकर बाकायदा टोटी खोलकर उद्घाटन भी किया था किंतु आरोपित है कि उनका यह कार्य सांसद महोदया को इस कदर नागवार गुजरा कि आनन-फ़ानन में न सिर्फ दिव्या मित्तल का अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया गया अपितु किसी ने देवहट गांव में पानी पहुंचाने वाले सिस्टम का कल पुर्जा ही खराब कर दिया था। बहरहाल अब अनुप्रिया पटेलके पास पिछले 10 साल की जन सेवा का ठोस हिसाब किताब नहीं होने के कारण जमीन से जुड़े मतदाताओं में अनुप्रिया के प्रति बेहद नाराजगी एवं नफरत व्याप्त हो गया है। गौरतलब है कि मिर्जापुर संसदीय सीट से इस बार चुनाव मैदान में भाजपा गठबंधन की प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री तथा अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के मुकाबले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़े ही सूझबूझ का परिचय देते हुए पूर्व में घोषित प्रत्याशी राजेश एस बिंद को हटाकर भदोही से वर्तमान भाजपा सांसद रमेश बिंद को अपनी पार्टी का मिर्जापुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाकर सबको चौंका दिया है।




# आरडीएस कालेज में शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र का सम्मेलन आयोजित

संवाददाता



**जौनपुर, 11 मई (नवसत्ता)।** जिले के जलालपुर क्षेत्र में स्थित आरडीएस कालेज कुसांव भाऊपुर मे शनिवार को शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र का सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रदेश की राज्यमन्त्री प्रतिभा शुक्ला ने मेडल देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा से ही देश और आगे जाएगा। आप लोग अच्छी शिक्षा लेकर डाक्टर, इन्जीनियर, व अन्य बड़े अधिकारी बन सकेंगे। आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने छात्र-छात्राओं से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की अपील की। प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने गरीबों के लिए गैस सिलिंडर, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड उपलब्ध कराने के साथ विकास के क्षेत्र में अन्य महत्वपूर्ण कार्य किया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख जलालपुर संदीप सिंह, कृपाशंकर दुबे जटा शंकर सिंह संजीव सिंह समेत अन्य लोगों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मन्त्री प्रतिभा शुक्ला का स्वागत किया।

# सभी रेलवे स्टेशनों पर शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की गई

संवाददाता



**गोरखपुर, 11 मई (नवसत्ता)।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव कराने के क्रम में गर्मी के दृष्टिगत सभी स्टेशनों पर शुद्ध पेय जल की उपलब्धता हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के लिये शीतल पेय जल हेतु 223 वाटर कूलर सहित 7,199 पानी की टोटी एवं 1,089 हैंड पम्प कार्यशील हैं।

इस रेलवे के इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 78 वाटर कूलर, 1,884 पानी की टोटी एवं 352 हैंड पम्प, वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 72 वाटर कूलर, 2,281 पानी की टोटी एवं 348 हैंड पम्प तथा लखनऊ मंडल पर विभिन्न स्टेशनों पर 73 वाटर कूलर, 3,034 पानी की टोटी एवं 389 हैंड पम्प कार्यशील हैं। आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर वाटर कूलर, पानी की टोटी एवं हैंड पम्प लगाये जा रहे हैं तथा खराब वाटर कूलर, पानी की टोटी एवं हैंड पम्प को ठीक कर कार्यशील बनाया जा रहा है। इसी प्रकार, यात्रियों के मांग के अनुरूप सस्ता, सुलभ एवं शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने हेतु प्रमुख स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीनों के माध्यम से रेल यात्रियों को सस्ते दर पर आर.ओ. वाटर उपलब्ध कराया जा रहा है, जैसेः 300 मिली. गिलास रू 2/- (रिफिल) एवं रू 3/- (कंटेनर के साथ), 1/2 लीटर बोतल रू 3/- (रिफिल) एवं रू 5/- (कंटेनर के साथ), 01 लीटर बोतल रू 5/- (रिफिल) एवं रू 8/- (कंटेनर के साथ), 02 लीटर बोतल रू 8/- (रिफिल) एवं रू 12/- (कंटेनर के साथ) एवं 05 लीटर बोतल रू 20/- (रिफिल) एवं रू 25/- (कंटेनर के साथ)।

# 13 को मतदान दिवस के अवसर पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश



संवाददाता

**कन्नौज, 11 मई (नवसत्ता)।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत चौथे चरण में दिनांक 13 मई, 2024 को जनपद कन्नौज में मतदान दिवस निर्धारित है।

दिनांक 13 मई, 2024 को मतदान दिवस के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। बताया है कि यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 (1881 का एक्ट संख्या 26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसी अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का प्राविधान है।

श्री शुक्ल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के अंतर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-135ख में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रकिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रकिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने एवं अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य न लिया जाये। उन्होंने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 42 कन्नौज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित पांच विधानसभाओं यथा 196-छिबरामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 197-तिर्वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 198-कन्नौज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 202-बिधूना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 205-रसूलाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान दिनांक 13.05.2024 को पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक निश्चित है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व अर्थात् दिनांक 11 मई, 2024 के अपराहन 06:00 बजे के बाद कोई भी उम्मीदवार / राजनैतिक पदाधिकारी को किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभाएं, जुलूस, लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार पूर्णतया प्रतिबन्धित है।

उन्होंने बताया है कि प्रचार-प्रसार की अवधि समाप्त होने के पश्चात् ऐसे राजनैतिक पदाधिकारियों को निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहना चाहिए जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से आएं हों और जो 42-कन्नौज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता न हों। ऐसे राजनैतिक पदाधिकारी / व्यक्ति प्रचार-प्रसार की अवधि समाप्त होने के तत्काल पश्चात निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगें। उन्होंने समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

बताया है कि चुनाव से संबंधित किसी को कोई समस्या है तो वह हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करके अपनी समस्या का निराकरण करा सकता है।

